शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 106 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 12 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# जनता कह रही अबकी बार 400 पार: मोदी

## कांग्रेस कहती है संभल के चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है, पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें बम संभालना भी नहीं आता



**भुवनेश्वर/एजेंसी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार (11 मई) को ओडिशा के कंधमाल, बोलांगीर और बरगढ़ में चुनावी रैलियां की। उन्होंने ओडिशा के उट नवीन पटनायक को चुनौती देते हुए कहा- नवीन बाबू लंबे समय से ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि वे ओडिशा के सभी जिलों का नाम बिना कुछ देखे बताएं। पीएम ने कंधमाल की रैली में कहा- इस चुनाव में कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटने वाली है। 4 जून को पार्टी देश के संसद में विपक्ष भी नहीं बन पाएगी। मैं कांग्रेस को दो टूक कहूंगा कि वो इस भरोसे में न रहें कि भारत का मुसलमान इधर-उधर नहीं जाएगा। लोगों ने एनडीए को 400 के पार पहुंचाने का मन बना लिया है। पीएम ने कहा- कांग्रेस कहती है संभल के चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें बम संभालना भी नहीं आता। वे अपने बम बेचने के लिए खरीदार की तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई उनसे खरीदना नहीं चाहता। लोग उनके सामान की क्वालिटी के बारे में जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- 26 साल पहले आज के दिन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। एक वह दिन था जब भारत ने दुनिया को अपने सामर्थ्य का परिचय करवाया था और दूसरी ओर कांग्रेस है, जो बार-बार लोगों को डराने की कोशिश करती है। कंधमाल में पीएम ने स्टेज पर पद्मश्री विजेता पूर्णमासी जानी के पैर छुए। पूर्णमासी एक कवयित्री और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्हें 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

**ओडिशा अमीर है, ज्यादातर लोग गरीब**

मोदी ने कहा- ओडिशा अमीर है, लेकिन यहां के ज्यादातर लोग गरीब हैं। बीजेडी ने गरीबी दूर करने के लिए कुछ नहीं किया। ओडिशा की अस्मिता खतरे में है। भाजपा इसकी रक्षा करेगी। भाजपा ने ओडिशा की एक आदिवासी बेटी को भारत का राष्ट्रपति बनाया।

## नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ना चाहती है : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में विशाल रैली को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस के साथ-साथ शिवसेना (उद्धव गुट) पर भी जमकर निशाना साधा। कहा कि नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। लेकिन जब तक भारत की जनता मेरा सुरक्षा कवच है, तब तक ये लोग मुझे जिंदा तो क्या, मुर्दा भी नहीं दफना सकते। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने गुरुवार को पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा था कि नरेन्द्र मोदी औरंगजेब की तरह बर्ताव कर रहे हैं। लेकिन याद रहे कि एक औरंगजेब को हम महाराष्ट्र की इस धरती में गाड़ चुके हैं। औरंगजेब

## केरल के कोऑपरेटिव बैंक स्कैम का पैसा लौटा चुका हूं: मोदी



**नई दिल्ली/एजेंसी**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने कर**प्शन में लूटे गए 17 हजार करोड़ रुपए विक्टिम्स को लौटा दिए हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मैं सलाह ले रहा हूं कि लोगों से लूटा गया धन उन्हें कैसे लौटाया जा सकता है। मोदी ने यह बात रिपब्लिक को दिए इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि हमारी एजेंसियों ने 1.25 लाख करोड़ रुपए जब्त किए हैं। हम टीवी पर देखते हैं कि रुपयों के कई ढेर लगे हैं, जो गरीबों और मिडिल क्लास लोगों से लूटे गए हैं। यह धन भी लोगों को लौटाया जा सकता है।

**केरल के कोऑपरेटिव बैंक स्कैम का पैसा लौटा चुका हूं**

मोदी ने कहा कि केरल में एक बड़ा कोऑपरेटिव बैंक स्कैम है। इसे कम्युनिस्ट लोग कंट्रोल करते हैं। ये पैसा भी गरीबों और मिडिल क्लास का है। मैंने इस स्कैम में शामिल नेताओं की प्रॉपर्टी अटैच की है।

मैं सलाह ले रहा हूं, लेकिन कई मामलों में हमें ट्रेल मिल जाती है कि किसने किसे पैसा दिया। अब तक हम 17 हजार करोड़ रुपए लोगों को लौटा चुके हैं।

7 मई को आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम के वेमागिरी में भी पीएम ने कहा था कि मैं कानूनी सलाह ले रहा हूं कि लोगों से जो धन भ्रष्टाचार के जरिए लूटा गया है, उसे लोगों को कैसे लौटाया जाएगा।

## राष्ट्रपति राम मंदिर जाती हैं तो कांग्रेस शुद्धिकरण की बात करती है: मोदी



**मोदी ने** कहा- पिछले 6 साल से जगन्नाथ मंदिर के 'रत्नभंडार' की चाबी खो हुई है। राज्य सरकार ने बाद में कहा कि डुप्लिकेट चाबी मिल गई है। सवाल यह है कि यह डुप्लिकेट चाबी क्यों बनाई गई? चाबी खो जाना चिंता की बात है, लेकिन डुप्लिकेट चाबी इससे भी ज्यादा चिंता की बात है।

**नवीन बाबू ओडिशा के जिलों का नाम बताएं**

पीएम मोदी ने कहा- नवीन बाबू इतने सालों से यहां के सीएम हैं, लेकिन फिर भी यहां की जनता उनसे दुखी हैं। वो (नवीन पटनायक) ओडिशा के जिलों और उनकी राजधानियों के नाम नहीं जानते।

**शहजादे संविधान को माथे पर रखकर नाच रहे हैं**

पीएम मोदी ने कहा- आजकल शहजादे संविधान को माथे पर रखकर नाच रहे हैं। जब मनमोहन सिंह की कैबिनेट ने एक फैसला लिया तो शहजादे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर उस फैसले की धज्जियां उड़ा दीं। वो टुकड़े कागज के नहीं बल्कि संविधान के थे। पीएम ने कहा- आज ओडिशा की बेटी सेना के तीनों अंगों की कमान संभालती है। ओडिशा की बेटी देश का गौरव है।

**राष्ट्रपति राम मंदिर जाती हैं तो कांग्रेस शुद्धिकरण की बात करती है**

मोदी ने कहा- हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुछ दिन पहले अयोध्या के राम मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश के कल्याण के लिए रामलला से आशीर्वाद मांगा। उनके दौरे के एक दिन बाद कांग्रेस के सबसे बड़े नेताओं में से एक ने कहा कि हम राम मंदिर का गंगाजल से शुद्धिकरण करेंगे।

## पेरिस ओलिंपिक के लिए चयन ट्रायल प्रारंभ, पहले दिन मनु भाकर और अनीश शीर्ष पर

**भोपाल**

पेरिश ओलिंपिक खेलों के लिए भारतीय निशानेबाजों का शूटिंग (राइफल और पिस्टल) के चयन ट्रायल शनिवार को मप्र की राजधानी भोपाल में शुरू हो गए हैं। यहां मप्र राज्य शूटंग अकादमी में शुरू हुए इस चयन ट्रायल के पहले दिन ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर और अनीश भानवाला अपनी स्पधाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में मजबूत स्कोर से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 587 अंक के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 585 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। फाइनल रविवार को होगा जिसमें क्वालीफाई करने वाले पांच निशानेबाजों महत्वपूर्ण पोडियम अंक जुटाने होंगे। महिलाओं की पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 586 अंक से शीर्ष पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 585 अंक के साथ मनु को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। ईशा सिंह (579) चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल (575) पांचवें स्थान पर रहीं। अब फाइनल कैसा भी रहे, लेकिन मनु भाकर अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर कम से कम चार अंक की बढ़त से चौथे ट्रायल में उतरेगी। दूसरे स्थान के लिए ईशा, रिदम और सिमरनप्रीत के बीच कड़ी टक्कर होगी। भानवाला ने भी अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर दो अंक की बढ़त बनायी हुई है। विजयवीर सिद्धू और भावेश शेखावत के बीच दूसरे स्थान के लिए मुकाबला कड़ा होगा।

## तृणमूल नेता माणिक भट्टाचार्य ने वापस ली जमानत याचिका

**नई दिल्ली**

प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और तृणमूल कांग्रेस नेता माणिक भट्टाचार्य ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने माणिक भट्टाचार्य को जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति दी। सुप्रीम कोर्ट ने माणिक भट्टाचार्य को कलकत्ता हाई कोर्ट में नई जमानत याचिका दायर करने की अनुमति देते हुए कहा कि वे चाहें तो कोई अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल कर सकते हैं।

## मोदी 2029 तक ही नहीं उससे आगे भी देश का नेतृत्व करते रहेंगे : अमित शाह



**हैदराबाद/नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर अरविंद केजरीवाल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और इंडी अलायन्स वालों को खुश होने की जरूरत नहीं है। मोदी 2029 तक ही नहीं, उससे आगे भी भाजपा और देश का नेतृत्व करते रहेंगे। अमित शाह लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को हैदराबाद में पत्रकार वार्ता में कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और पूरे इंडी गठबंधन से यह कहना चाहता हूं कि मोदी 75 साल के हो जाएं, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है। भाजपा के संविधान में ऐसा कुछ भी नहीं लिखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ही इस कार्यकाल को पूरा करेंगे और भविष्य में भी मोदी ही देश का नेतृत्व करते रहेंगे। इसको लेकर भाजपा में कोई असमंजस नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस और उसके सहयोगी हैं, जो 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल हैं।

## लोस चुनाव : उप्र में चौथे चरण के चुनाव प्रचार का शोर थमा



**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की 13 सीटों पर शाम छह बजे प्रचार का शोर थम गया। प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जिसमें कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, खीरी सीट से भाजपा के प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी पर सभी की नजर रहेगी। लोकसभा चुनाव में चौथे चरण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य हैं तो पांच लोकसभा सीटें आरक्षित हैं। आगामी 13 मई को इन सभी 13 लोकसभा सीटों शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, धौरहरा, सीतापुर, मिश्रिख, उन्नाव, इटावा, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, हरदोई, बहराइच पर मतदान होना है। उप्र निर्वाचन आयोग के लिए चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहने वाली है। अभी तक उप्र में तीन चरणों में क्रमशः प्रथम चरण में 61.11 प्रतिशत, द्वितीय चरण में 54.90 प्रतिशत और तृतीय चरण में 57.55 प्रतिशत मतदान ही हो सका है।

## राहुल गांधी हमेशा बचकानी बातें करते हैं, उनमें कोई गंभीरता नहीं : मुख्यमंत्री धामी



**लखनऊ**

उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उप्र के बहराइच संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आनन्द गोंड के पक्ष में आयोजित 'रोड-शो' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बहराइच की जनता से भाजपा प्रत्याशी आनन्द गोंड के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर उन्हें भारी मतों से विजय बनाकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तीन चरणों के मतदान में जनता के आशीर्वाद से भाजपा 200 सीटों पर आगे हैं। आने वाले 4 चरणों में भाजपा निश्चित ही 400 पार जायेगी। उन्होंने कहा कि बहराइच की जनता भाजपा प्रत्याशी आनन्द गोंड को आशीर्वाद देने वाली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के साथ भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज भारत का मान सम्मान स्वाभिमान पूरे विश्व में बड़ा है। भारत देश विकसित भारत की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी हमेशा बचकानी बातें करते हैं, उनमें कोई गंभीरता नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके गठबंधन के लोग सर्जिकल स्ट्राइक, सनातन धर्म, भगवान राम के अस्तित्व पर हमेशा प्रश्न उठाते रहे हैं।

## दिल्ली में आंधी ने बरपाया कहर, तीन की मौत, 23 घायल



**नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में शुक्रवार रात अचानक आई तेज आंधी के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं में एक किशोरी समेत तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 23 लोग घायल हो गए।

विकासपुरी में शुक्रवार रात तेज आंधी के दौरान पेड़ गिरने पर उसकी चपेट में आने से जयप्रकाश (46) नामक व्यक्ति की मौत हो गई है। जय प्रकाश परिवार के साथ सीतापुरी में रहते थे। इनके परिवार में पत्नी व अन्य लोग हैं। जयप्रकाश प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। हादसे के समय वह अपनी मोपेड से घर लौट रहे थे। आंधी के दौरान पेड़ वहां से गुजरी एक कार व इनकी मोपेड पर गिरा। कार चालक तो बाल-बाल बच गया लेकिन जय प्रकाश की मौत हो गई। रोहिणी सेक्टर-16 इलाके में पेड़ गिरने पर उसकी चपेट में आने से रोहिणी निवासी हरिओम की मौत हो गई। वह छोटा-मोटा काम करता था। शुक्रवार रात को वह अपने काम से घर लौट रहा था। इस दौरान उस पर पेड़ गिर गया। उधर, शाहीन बाग के अबुल फजल एंक्लेव इलाके में शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक रेस्टोरेंट की दीवार पड़ोसी के मकान की छत पर गिर गई।

## हम लटकाने में नहीं कामों को निपटाने में करते हैं विश्वास : मेनका

**सुलतानपुर**

भाजपा उम्मीदवार मेनका संजय गांधी ने शनिवार को सदर विधानसभा में नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा सरकार ने गांव और गरीबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। हम भेदभाव में विश्वास नहीं करते। उन्होंने कहा जाति - धर्म नही, विकास हमारा एजेंडा हैं। मैं सबके लिए काम करतीं हूं। उन्होंने बताया कि मैंने अखबारों में पढ़ा कि मेडिकल कालेज में एक्स-रे के लिए लंबी लाइनें लगी हैं। मैंने जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर दो टेक्नीशियन की व्यवस्था करा दी है। अब एक्स-रे में लोगों को लम्बी लाइनों से निजात मिलेगी। हम इसी तरह काम करते है। हम कामों को फौरन निपटाते है। लटकाने में विश्वास नहीं करते। उन्होंने बताया कादीपुर में पांच विद्यालय बनने थे। दो साल से बजट बिना लटके रहे। वहां के प्रधानों ने जानकारी दी तो

## गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी गंगा आरती में हुए शामिल



**वाराणसी**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम दशाश्वमेधघाट पर आयोजित गंगा सेवा निधि के प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल हुए। भव्य गंगा आरती देख गृहमंत्री और मुख्यमंत्री अभिभूत दिखे। भाव विभोर कर देने वाली गंगा आरती के दौरान गृहमंत्री गंगा गीतों पर ताल देते भी दिखे। गृहमंत्री और मुख्यमंत्री को देखकर घाट पर मौजूद हजारों लोगों ने हर-हर महादेव के पारम्परिक उद्घोष से उनका स्वागत किया। इस पर दोनों राजनेताओं ने लोगों का गर्मजोशी से अभिवादन का जवाब मुस्कराकर हाथ जोड़कर दिया। इससे पहले, निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, सचिव सुरजीत सिंह, हनुमान यादव ने अंगवस्त्र, मोमेंटो और प्रसाद देकर स्वागत किया। गंगा आरती के बीच में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने ड्रोन लेजर शो देखा। दशाश्वमेध घाट के सामने गंगा पार से तीसरे दिन शनिवार को ड्रोन लेजर शो का भव्य आयोजन हुआ। इसके जरिए काशी की कायाकल्प की दास्तां दिखायी गयी और बताया गया कि पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल के दौरान पुरातन काशी कितनी आधुनिक हो गयी है। लेजर शो की प्रस्तुति में ड्रोन से आसमान में करीब 400 फीट की ऊंचाई पर लगभग 300 मीटर की चौड़ाई में लेजर शो का प्रदर्शन हुआ। इसके जरिए दिखायी गयी विविध कलाकृतियों ने काशी के सभी घाटों पर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। इन कलाकृतियों में बाबा विश्वनाथ के डमरू से लेकर काशी की प्रसिद्ध मां गंगा आरती, भव्य विश्वनाथ कॉरिडोर, भारत में बनी वंदे भारत ट्रेन के साथ भाजपा के निशान कमल, भाजपा का ध्वज और लोकसभा चुनावों में कमल के निशान रहा।

# पिता के संस्कार को आगे बढ़ाना ही उद्देश्य : नीरज त्रिपाठी

## दिघिया में भाजपा का विशाल सम्मेलन में उमड़ा जन सैलाब, गरजते भाजपाइयों ने कहा अबकी बार चार सौ के पार

अखंड भारत संदेश





**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने शुक्रवार को उरूवा युवा मोर्चा के सम्मेलन के पश्चात जैसे ही दिघिया में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उन्होंने मंच से ही लेट-लतीफी को लेकर कार्यकताओं और उपस्थित जनसमुदाय से छमा मांगते हुए मंच उपस्थित पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह को संबोधित करते हुए कहा अशोक भैया आपही घर के नहीं हो मैं भी घर का ही हूं। उन्होंने कहा कि देर से पहुंचने पर क्षमा मांगता हूं। आपके बीच प्रतिनिधि स्वरूप आया हूं, आपका आशीर्वाद मिलने पर आपका प्रतिनिधि बनकर दिल्ली जाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी ने अपना जीवन राजनीति में बिताई है। जो संस्कार पंडित केसरी नाथ ने दिया है, उसी संस्कार को आगे बढ़ाने आया हूं। मंच पर पहुंचे वृद्ध को संबोधित करते हुए कहा कि आप पिता तुल्य बुजुर्ग हैं, चरण छूकर आपका आशीर्वाद मांग रहा हूं अपने बेटे की तरह मेरा कान मरोड़ सकते हैं, अगर मैं गलत रास्ते पर जाता हूं तो।

जय शंकर शुक्ल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जात पात धर्म की बात नहीं करती सबका साथ सबका विकास का काम करती है। भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था है इसके लिए तीसरी बार मोदी सरकार के सपने को पूरा करना है। योगेश शुक्ला ने कहा कि अबकी बार जो चार सौ का नारा है वह यमुनापार से भी चरितार्थ हो। दिघिया में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का जय शुक्ल, उमाशंकर तिवारी उर्फ गांधी, प्रेम शंकर शुक्ल उर्फ मुन्नन, विद्याकांत मिश्रा, अशोक सिंह, दिनेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, रिंकू ओझा, राजीव तिवारी, विजयकांत मिश्रा, सत्यम तिवारी, अमित मिश्रा, विकास तिवारी, रामशि?ामणि तिवारी, अभिषेक तिवारी, राजेश द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, मांडवी शरण द्विवेदी, विकास तिवारी, आशुतोष तिवारी, गंगा प्रशाद मिश्र, राजू समदरिया ने 51 किलो का विशाल माला पहनाकर स्वागत किया। मंच का संचालन राज बल्लभ तिवारी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक अवाडा ग्रुप एनर्जी के सीईओ जय शुक्ल सहित हजारों की संख्या में युवा व भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शोक सभा कर वयोवृद्ध भाजपा नेता को दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** भाजपा कार्यालय सहसों पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी की अध्यक्षता में एक शोकसभा आयोजित कर क्षेत्र के उमरपुर बरेठी गांव निवासी वयोवृद्ध वरिष्ठ भाजपा नेता नौरंग बहादुर सिंह मोछा की लंबी बीमारी के दौरान निधन हो जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में प्रमुख रूप से वीरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर, अरुणेंद्र यादव डब्बू प्रमुख बहादुरपुर, विपेन्द्र सिंह पटेल प्रमुख फूलपुर, गीता सिंह प्रमुख सहसों, राकेश बहादुर सिंह, अनिल सरोज, जय प्रकाश दूबे, चन्द्रेश केसरवानी, राजधर दूबे, जितेन्द्र पटेल, संजय सिंह, पवन कुमार शुक्ला, संतोष सिंह, अमन सिंह राजपूत, राजेंद्र यादव, रंजना सिंह परिहार, राजेश सरोज, महेश सिंह, अंकित राज एवं शनी सिंह सहित आदि कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि देते उपस्थित रहे।

# मत्स्य संरक्षण के लिए सिरसा गंगा नदी में छात्रों ने छोड़ी मछलियां

अखंड भारत संदेश

**नमामि गंगे के तहत केंद्रीय अंतस्थलीय मत्स्यकी अनुसंधान द्वारा जैव विविधता और गंगा को स्वच्छ रखने हेतु की गई अनोखी पहल**

**मेजा।** भारत सरकार के नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत केन्द्रीय अन्तस्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सिफरी) द्वारा गुरुवार को सिरसा में एक कार्यक्रम आयोजित कर गंगा के मत्स्य विविधता को पुनर्स्थापित एवं संवर्धित करने के लिए रामप्रताप इंटर कालेज के छात्रों द्वारा गंगा नदी में कार्प कताला रोहू एवं मृगल प्रजाति के पंद्रह हजार मछलियों के छोटे बच्चों को छोड़ा गया। जिसके मुख्य अतिथि डा शिव प्रकाश पाठक तथा विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा रहे। कार्यक्रम में संस्थान के केन्द्राध्यक्ष डा. डीएन झा ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए नमामि गंगे परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नदियों में कम हो रहे महत्वपूर्ण मत्स्य प्रजातियों के बीज का रैंचिंग एवं लोगो को गंगा के जैव विविधता और स्वच्छता के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य डॉ.शिव प्रकाश पाठक प्रधानाचार्य ने गंगा की आवश्यकता और हमारा कर्तव्य पर उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक बताया । विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा ने गंगा के प्रति जागरूक होने के साथ ही गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर डा. वेंकटेश डॉ विकास कुमार, जितेंद्र कुमार, शोधार्थी डॉ रईस भट्ट, डॉ संदीप मिश्रा, डॉ पारगी, आशीष कुमार, अर्पिता पटेल, रामभजन वर्मा, जितेंद्र कुमार, रामसजीवन, रवि कुमार, उग्रेश सिंह, रमा शंकर यादव, राजनारायण साहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रोता





**लालापुर।** क्षेत्र के गिधार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रोता। कथा वाचक जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी धराचार्य ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। इस दौरान कथा के मुख्य यजमान रामानुज पाण्डेय व अनारकली पाण्डेय के साथ पूर्व लेखपाल संतोष मिश्रा, पूर्व प्रधान राजीव त्रिपाठी, सुरेन्द्र पांडेय,प्रधान गोइसरा प्रतिनिधि बीरेंद्र पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, देवप्रयाग द्विवेदी, अनूप तिवारी, मंगला प्रसाद तिवारी, चंद्रमणि पाण्डेय सहित सैकड़ों श्रोता उपस्थित रहे।

# लेहडी गांव में धूमधाम से मनी परशुराम की जयंती



**मेजा।** अक्षय तृतीया तिथि के पावन अवसर पर उरुवा ब्लॉक के लेहड़ी ग्रामसभा में चर्तुथ वर्ष भी परशुराम का भव्य जन्मोत्सव के पश्चात पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संपन्न किया हुआ जिसका आयोजन हनुमान सेवा समिति परशुराम सेना एव अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा मेजा अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, अतुल तिवारी व सत्यम पांडेय द्वारा संचालित किया गया, कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा डॉ प्रेम शंकर शुक्ला ने आयोजन मंडल द्वारा जिस तरह से प्राचीन स्थलों संस्कृति तथा सनातन धर्म को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। मेजा ब्राह्मण समाज का गढ़ है फिर भी जो उत्साह जगह जगह दिखना चाहिए वो नही है, उन्होंने यह भी कहा कि ब्राह्मण समाज के नौजवान आज जिस तरह लोगो को जगाने का कार्य कर रहे है वो ऐसे ही बढ़ता रहना चाहिए। मां शीतला के अनन्य भक्त राजू शुक्ला सोना भवन ने कहा कि युवाओं का यह प्रयास बेकार नहीं जायेगा और लेहड़ी चौराहे पर भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने हेतु घोषणा भी किया। रामशिरोमणि तिवारी,जिला अध्यक्ष टी. पी पाण्डेय प्रयागराज जिला उपाध्यक्ष यमुनापार आशीष पाण्डेय जिला संगठन मंत्री यमुनापार विवेक पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष गंगापार शुभांशु दुबे विधानसभा मेजा अध्यक्ष रजोल शुक्ला सत्यम तिवारी रामश्रींगार शुक्ला संजय मिश्रा जैसे तमाम लोगों ने समाज कल्याण हेतुअपने अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन आयोजक आनन्द द्विवेदी ने कहा कि भगवान परशुराम महराज सदैव असहायो की रक्षा करने हेतु तत्पर रहते थे। क्यों की शास्त्रों में वर्णित है कि ब्राह्मण गौरव श्री परशुराम महराज अजर अमर हैं और कलयुग के अंत मे अजर अमर देव हनुमान जी महराज के साथ मिलकर पृथ्वी को कलयुग नाम के राक्षस का विनाश करके मुक्त कराएंगे। द्विवेदी जी ने कहा कि ब्राह्मणों का मूल कार्य ही धर्म संस्कृति और धर्मस्थलों की रक्षा करना है। इस मौके पर शेषमणि शुक्ला उमेश तिवारी , आशीष तिवारी विक्की,राजा दोगारी, शुभम तिवारी, आदर्शपांडेय, आनन्द पांडेय , रिशु पांडेय, नीरज शर्मा, विनीत मिश्रा, गोरे लाल मिश्रा, अजयराज शुक्ला, कुडाल, अजय पांडेय, संजय सेठ जैसे कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन ने नामांकन एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक




**मेजा।** समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत मेजा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन श्रीमती सीतांजली गुप्ता के नेतृत्व में नामांकन मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह जानकारी देती हुई विद्यालय की वार्डेन श्रीमती गुप्ता ने बताया कि यह नामांकन मतदाता जागरूकता रैली विद्यालय से शुरू हुई और पूरे क्षेत्र में भ्रमण के पश्चात मेजा बाजार होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि नामांकन मतदाता जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य 11 से 14 वर्ष की ऐसी बालिकाएं जो कभी विद्यालय न गई हों अथवा जिनका किन्हीं कारणों से विद्यालय की शिक्षा बीच में ही छूट गई हो का कक्षा 6 से लेकर 12 तक के लिए प्रवेश और विद्यालय की तमाम सुविधाओं के प्रति जागरूक करना है। इसके अतिरिक्त आगामी चुनाव के मद्देनजर आम जनमानस को मतदान करने के लिए भी जागरुक किया गया।

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत



**मांडा।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में बारा दशरथ पुर निषाद बस्ती में श्याम बाबू जी निषाद के नेतृत्व मे एक विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी लाल बहादुर निषाद ने किया। संचालन भोलानाथ सोनकर ने किया। जनसभा के मुख्य अतिथि मेजा के विधायक संदीप पटेल तथा अति वरिष्ठ अतिथि समाज वादी पार्टी के जमुना पार के जिला अध्यक्ष पप्पू निषाद जी थे।सभा को संबोधित करते हुए मेजा प्रभारी रणजीत सोनकर ने कहा की अगर संविधान बचाना है तो इस बार पूरे देश में इंडिया गठबंधन को जितना है। जिसमें निषाद भाईयों का योगदान सराहनीय होगा तथा प्रयाग राज की सीट से उज्जवल रमण सिंह जी को भारी मतों से जीताकर पार्लियामेंट में भेजना होगा। सभा में बोलते हुए प्रेम कुमार निषाद ने कहा कि इस पूरे उत्तर प्रदेश के निषाद समाज के लोग इंडिया गठबंधन को जिताने का काम करेगे।अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष पप्पू जी निषाद ने कहा कि इस बार पूरे उत्तर प्रदेश में पांच टिकट निषाद समुदाय को देकर माननीय अखिलेश यादव जी ने निषादो का सम्मान बढाया है। सभा को सम्बोधित करते हुए। विधायक ने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार केन्द्र में बनने जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि जिस तरीके आज निषाद समाज की भीड़ सभा मे आई है इससे ऐ लगता है कि उज्जवल रमन जी का चुनाव जितना तय है। सभा को एडवोकेट बृजेश कुमार निषाद जी सुरेन्द्र निषाद जी कृपा शंकर बिंद जी डाक्टर राम पाल बिंद जी तथा पूर्व विधान सभा अध्यक्ष पंचू लाल निषाद जी तथा जयशंकर भारतीय जी भी ने सम्बोधित किया। सभा में मुख्य रूप से बाबूलाल निषाद ,सूरज भान निषाद, जोखन राम निषाद ,भरत कुमार निषाद ,खेतई राम निषाद, राज पति निषाद ,राम अभिलाष निषाद, संजय सोनकर ,मनोज सोनकर सहित हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है : घनश्यामाचार्य महाराज



**जंघई।** गोधना, किशुनदासपुर गांव में मुख्य यजमान सूर्यमणि शुक्ल एवं केवला देवी के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में प्रथम दिवस कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, देव पूजन एवं भागवत महात्म्य प्रसंग को कथा व्यास स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज प्रयागराज ने सुनाया। महाराज ने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए।भागवत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को महाराज ने शुकदेवागमन, कपिल देवहूति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र आदि प्रसंगों पर कहा कि भगवान नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया।इस अवसर पर आरती प्रसाद वितरण किया गया जिसमें अशोक कुमार शुक्ल, अरुण कुमार शुक्ल, अजय कुमार शुक्ल, संतोष तिवारी, कृष्णचंद्र त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ईश्वर सब में है : डॉ रश्मि शुक्ला

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस (मदर्सडे)मनाया।संस्थान की अध्यक्षा डॉक्टर रश्मि शुक्ला ने सर्वप्रथम माँ पर एक गीत सुनाया उसके बाद कहा कि मां के कई रूप है और उसमें धैर्य है प्यार है और इतनी फिक्र है कि उसका कर्ज उतारना मुश्किल है।आजकल के बच्चे माँ के प्रति अपना फर्ज समझते हैं।माँको सपनों का पंख देते हैं पर हम जो भावना अपने बच्चों के लिए रखते हैं वही भावना हमें दूसरे के बच्चों के लिए रखनी चाहिए।मेरा अनुभव है कि जो काम आपके बच्चे करते हैं उसे काम के लिए आप तारीफ करती हैं और जो काम दूसरे के बच्चे करते हैं उसकी बुराई निकलते हैं ।ऐसा नहीं होना चाहिए।माँ का दायित्व बहुत ही बड़ा होता है उसको घर,परिवार, समाज,राष्ट्र सबके लिए सोचना पड़ता है।माँ बच्चों को अच्छे संस्कार देगीं वही सबके लिए सुख का कारण बनेगा। हमारा राष्ट्र का नाम पूरे विश्व में होगा।माँ को बड़े सोच विचार कर बच्चों का लालन-पालन करना चाहिऐ।आजकल बच्चें शिक्षित हैं यह गर्व का विषय है संस्कार से युक्त उनमें सबको साथ लेकर चलने की भावना भी होनी चाहिए।शादी के बाद उनको सामंजस बनाना होगा आजकल तलाक के केस बहुत सुनने को मिल रहे हैं यह चिंता का विषय है चाहे पुत्र हो या पुत्री सामंजस दोनों को जरूरी है परन्तु मातृत्व सौभाग्य पुत्री को ही प्राप्त होता है इसलिए उस में सब गुण समाहित होने चाहिए। समय अनुकूल व्यवहार सीखना होगा परिवार का भी अपना एक सुख है इस बात को कभी नहीं भूलना चाहिए माँ परिवार को माला की तरह पिरो कर रखती है जिसमें सभी रिश्तों के मोती होते हैं। सभी को 'मदर्स डे' की बहुत-बहुत शुभकामनाएं इसी कड़ी में नीलिमा ने माँ की भूमिका का विस्तृत वर्णन किया।हम क्यों मदर्स डे मनाते हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी।बताया हमारे क्या-क्या कर्तव्य है इसको भी निर्देशित किया। कार्यक्रम में सब ने गीत गए शोभा जी ने बहुत ही सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। सभी ने अपने हाथ से निर्मित भोजन सामग्री का वितरण किया और साथ बैठकर भोजन किया। इन्दिरा, मोंटू, अन्नपूर्णा, सुमन, किरण, छाया, सिंपल, डॉली, शबीना, शकीला, विद्या, नीतू, शालू, रचना, संगीता, शोभा, नीलिमा ने रंगारंग गीत-संगीत का कार्यक्रम किया और एक दूसरे उपहार और बधाई दी।कार्यक्रम का संचालन रचना ने किया।

# ऊर्जा राज्य मंत्री से मिलकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**सहसों।** एनएचआई द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग से सिक्स लेन रिंग रोड का निर्माण कराया जा रहा है। जोकि सहसों के भोपतपुर नेशनल हाईवे चौराहा से रिंग रोड को विकास खंड सहसों के ग्राम सभा जगबंधनपुर से आगे ले जाया जा रहा है। जिसमें सहसों से बगई मार्ग को क्रॉस करते निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि यह मार्ग 21 फीट चौड़ा लोक निर्माण विभाग द्वारा काली सड़क बनाई गई है। इस मार्ग से लगभग 50 गांव को जोड़ने वाली मार्ग है इस मार्ग से हजारों लोग प्रतिदिन आया जाए करते हैं। एनएचआई द्वारा इस मार्ग पर ना तो अंडरपास दिया जा रहा है और ना ही ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। जिससे राहगीरों को आवागमन के साथ-साथ मार्ग अवरुद्ध होने के कारण किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों सहित आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जबकि मार्ग पर कई शिक्षण संस्थाएं एवं लघु उद्योग भी संचालित हैं। इसके संबंध में सहसों स्थित किसान सम्मेलन में आए उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र सिंह तोमर से मिलकर किसानों ने ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराते मांग किया कि इस मार्ग पर अंडरपास या ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए ताकि किसानों, ग्रामीणों, व्यापारियों, विद्यार्थियों सहित आमजन को आवागमन में कोई परेशानी ना हो सके। किसानों ने एनएचआई के प्रति आरोप लगाते हुए कहा कि हम किसानों की जमीनों को ज्यादा अधिग्रहण किया गया है परंतु मुआवजा उससे कहीं ज्यादा काम मिला है। हम किसानों का आपसे अनुरोध है कि किसानों को जो भी भूमि अधिग्रहण की गई है उसका उचित मुआवजा भी दिलाई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवनारायण सिंह गप्पू , श्रीकांत तिवारी, नरेंद्र कुशवाहा, संतोष कुमार, राघवेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं हरिशंकर सिंह सहित आज ग्रामीण एवं किसान मौजूद रहे।



# मां ही पहली गुरु है जो जीवन में हमें अच्छे संस्कार देती है : डा स्वतंत्र मिश्रा

**दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज में धूमधाम से पर्व की भांति मनाया गया मातृ दिवस**

**मेजा।** दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज,गोसौरा कला मेजारोड में शनिवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मातृ दिवस मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीमती कविता यादव त्रिपाठी त्रिपाठी रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित तथा सरस्वती वंदना तथा के साथ किया गया। इस दौरान स्कूल के छोटे छोटे बच्चों के खेल ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रबंधक डा० श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा ने बच्चों एवं अभिभावको को हमारे जीवन में मॉ की अहमियत व स्थान को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि माँ के बिना हमारी कल्पना ही नही की जा सकती है माँ ही हमारी पहली शिक्षक, पहली डाक्टर, पहली दोस्त होती है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा अस्तित्व भी हमरी मॉ से ही है। श्रीमती मिश्रा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यालय के सभी छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों को मातृ दिवस की ढेरों शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में विद्यालय के चेयरमैन सुशील मिश्रा ने कहा कि आज का दिन माँ के सम्मान का दिन है जिसे हम मातृ दिवस के रूप में मनाते हैं। मां ही वो पहली गुरु होती है जो हमें प्यार और अच्छे संस्कार देती है साथ ही साथ हमारी हर परेशानी में सदा हमारा साथ देती है। उन्होंने इस खास दिन पर उनके हर त्याग, हर साथ, और प्यार के लिए मां को कोटि कोटि धन्यवाद दिया। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रमुख रूप से जुबेरिया इबकार, अंकुर सिंह, सत्यम सिंह राजपूत, हिमाशु साहू तथा सरोज सिंह आदि के अलावा स्कूल के बच्चे एवं अभिभावक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दुनियां भर में मां का रिश्ता है अतुलनीय : शिवानी

## मदर्स डे पर सेंट पीटर्स स्कूल छतवा में आयोजित हुई कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता




**मेजा।** दुनिया भर की सभी माताओं के प्रति प्यार और कृतज्ञता दिखाने के उद्देश्य से सेंट पीटर्स स्कूल छतवा, सिरसा-प्रयागराज में शनिवार को धूमधाम से मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने कहा कि मदर्स डे दुनिया भर में माताओं और मातृ विभूतियों के सम्मान और सराहना के लिए मनाया जाने वाला एक विशेष दिन है। यह हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल यह 12 मई को है. इस दिन, बच्चे अपना दिन माँ को समर्पित करते हैं और कार्ड, फूल, केक और उपहारों के साथ प्यार और आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने आगे कहा माँ एक ऐसा शब्द है जो हर किसी को भावनाओं से भर देता है। एक माँ निश्चित रूप से हर किसी के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण इंसान होती है। अपने बच्चे के लिए माँ के प्यार की तुलना निश्चित रूप से किसी भी चीज से नहीं की जा सकती।श्रीमती सोनी ने कहा मां के क्षमा का स्तर अतुलनीय है। एक माँ अपने बच्चे के लिए अपनी खुशियाँ त्याग देती है। एक माँ जितनी अपने बच्चों की देखभाल करती है उतना कोई और नहीं कर सकता मां महान हैं। इन्हीं विचारों को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए एक कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अपनी माँ के लिए सुंदर कार्ड बनाये। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों औफ मोहम्मद, कार्तिक केशरी, शानवी केशरी, अनिष्ठा वर्मा, अंशिका गौतम, काव्या केशरी, आदित्य कुशवाहा, अपेक्षा, तनिरिका सिंह, मानसी पटवा, सांची अग्रवाल, नमन सेठ, आकर्ष कुमार, आकर्ष विश्वकर्मा, आकृति केशरी, अनन्या केशरी, आराध्या केशरी, आदित्री केशरी और शाहीन शेख। इस मौके पर श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए बधाई दिया।

सामान्य प्रेक्षक 51-फूलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

## जिला निर्वाचन अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सामान्य प्रेक्षक 51-फूलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र डॉ. (टीएमटी) बी0.माहेश्वरी, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में शनिवार को संगम सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु ईवीएम मशीनों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जागृति अवस्थी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### हाईकोर्ट का आदेश : अब वसीयत का पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं, 2004 का संशोधन भी घोषित किया शून्य

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि उत्तर प्रदेश में वसीयत पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं है। साथ ही कोर्ट ने 2004 का संशोधन कानून भी शून्य घोषित कर दिया है। हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम की धारा 169 की उपधारा 3 को भी रद्द कर दिया है।हाई कोर्ट ने इस संशोधन कानून को भारतीय पंजीकरण कानून के विपरीत करार दिया है। 23 अगस्त 2004 से वसीयतनामे का पंजीकरण कराना तत्कालीन सरकार ने अनिवार्य कर दिया था। वहीं, अब हाईकोर्ट ने कहा कि वसीयत पंजीकृत नहीं है तो वह अवैध नहीं होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अजित कुमार की खंडपीठ ने दिया है। खंडपीठ ने मुख्य न्यायाधीश की ओर से भेजे गए रेफरेंस को निस्तारित करते हुए यह आदेश दिया है। याचिका पर अधिवक्ता आनंद कुमार सिंह ने बहस की। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए रेफरेंस संशोधित कर मूल मुद्दे पर अपना फैसला सुनाया है।

## तीन बदमाश गिरफ्तार : रेकी कर लूटपाट करते थे, 3 बाइक व 2 तमंचे बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वे रेकी कर लूटपाट करते थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उन्हें पकड़ा है। उनके पास से चांदी और सोने के गहने, लूट की तीन बाइक, दो तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। तीनों बदमाशों ने पूछताछ में चोरी और लूट की 7 वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है।

**पुलिस को बदमाशों के बारे में पहले से ही इनपुट मिले थे :** डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने बताया, उन्हें तीन बदमाशों के बारे में पहले से ही इनपुट मिले थे। जिसके बाद इंस्पेक्टर करेली अमरनाथ राय ने उनकी घेराबंदी की। उसके बाद छापा मारकर उनके पकड़ लिया। उनके पास से 12 अंगूठी, 11 नाक की कील, 8 कान के टॉप्स, 2 कान की बाली, 1 नथिया, 4 झुमका, 2 चेन, 2 मंगलसूत्र लाकेट समेत अन्य गहने बरामद हुए हैं। 135000 के साथ लूट की तीन बाइक मिली है। एसीपी अतरसुइया पुष्कर वर्मा ने बताया कि यह गिरोह करेली और अन्य इलाकों में रेकी कर वारदात अंजाम देता था। जो परिवार किसी काम से शहर के बाहर चले जाते हैं यह बदमाश उनके घर ताला तोड़दात करते हैं। रात में अकेले जा रहे शख्स की बाइक लूट लेते हैं। गिरोह के अन्य बदमाशों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



**इन बदमाशों को पकड़ा गया**

1- अतिशान पुत्र कब्बू निवासी हाल पता एडीए कालोनी नन्दग्राम कसारी मसारी थाना धूमनगंज, मूल पता ग्राम टिकरी सल्लाहपुर चौकी के पास थाना पूरामुफ्ती। 2- कैश पुत्र कमरूद्दीन अंसारी निवासी चकिया राजरूपपुर थाना धूमनगंज। 3- सिनाउल उर्फ सनाउल्ला शेख उर्फ बंटा पुत्र मारफत अली निवासी गोपला थाना दोमुहा जनपद मालदा पश्चिम बंगाल।

### हाईकोर्ट : विश्वविद्यालयों में छात्रों के सुधार और पुनर्वास की गाइडलाइन लागू करवाए सरकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालयों में अनुशासनहीनता की कार्रवाई का सामना कर रहे छात्रों के सुधार और पुनर्वास के लिए नारायण मिश्रा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में दिए गए अदालत के निदेर्शों का पालन कराए। कोर्ट ने इन आदेशों के अनुपालन में यूजीसी की ओर 12 अप्रैल 2023 को जारी गाइडलाइन सभी विश्वविद्यालय में लागू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इन नियमों को विश्वविद्यालय परिनियमावली में छह माह के भीतर शामिल करें। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के बीए के छात्र रौनक मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अजय भनोट ने सभी विश्वविद्यालयों को छात्रों के सुधार व पुनर्वास के लिए जारी अदालत के निर्देश और यूजीसी की गाइडलाइन लागू करने का आदेश दिया। रौनक मिश्रा सहित छह छात्रों को बीएचयू के रजिस्ट्रार ने आठ अक्तूबर 2022 को निलंबित कर दिया था। उन्हें परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया था। इनपर छात्र महेंद्र पटेल से मारपीट का आरोप था। याची का निलंबन वापस लेने की अर्जी विवि ने खारिज कर दी। इसके विरोध में छात्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याची के अधिवक्ता का कहना था कि उसे सुधार का एक मौका मिलना चाहिए। विश्वविद्यालय ने याची को सुधार का अवसर दिए बिना सिर्फ दंडात्मक कार्रवाई की है। ऐसा करके इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा नारायण मिश्रा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य मुकदमों में दिए गए आदेश का पालन नहीं किया। इससे छात्र का पूरा भविष्य खराब हो गया है। साथ ही कानून के राज पर भी चोट है। यूजीसी के अधिवक्ता विमलेंदु त्रिपाठी का कहना था कि विश्वविद्यालय अदालत के आदेश और यूजीसी की गाइडलाइन का पालन करने के लिए बाध्य है। छात्र को परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई है। यूजीसी के अधिवक्ता रिजवान अली अख्तर का कहना था कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में यूजीसी ने 12 अक्तूबर 2023 को गाइडलाइन जारी कर दी है। बताया कि यूजीसी ने बीएचयू के साथ बैठक कर छात्रों के सुधार की योजना लागू करने और इसे विश्वविद्यालय के परिनियमों में शामिल करने पर चर्चा की है। कोर्ट ने दलील सुनने के बाद याची रौनक मिश्रा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई को रद्द करते हुए उसे नियमित छात्र के रूप में विश्वविद्यालय जाने का निर्देश दिया है।

### मकान मालिक व किरायेदार के विवाद में दोनो हाथ जल गया कारीगर का

**फाफामऊ।** शांतिपुरम फफामऊ लेबर चौराहे पर स्थित नंद स्वीट पर काम कर रहे पप्पू यादव नाम का कारीगर खौलते तेल से दोनों हाथ गंभीर रूप से जल गया है पता चला कि मामला माकान मालिक दिनेश कुमार दुबे और नंद स्वीट हाउस के मालिक अशोक यादव के बीच किराए दारी को ले कर मामला कोर्ट में चल रहा है और मकान मालिक दिनेश का लड़का दीपक कुमार दुबे,और उस की मां छत की रेलिंग धोने के बहाने से छत पर से पानी डाल रहा था और पानी जा कर खौलते हुए तेल मे जा गिरा और पप्पू यादव निवासी सोराव नंद स्वीट हाउस की दुकान पर अपना परिवार का पालनहान करने के लिए कारीगरी करता हू और पकौडा बनाते समय ऊपर से जलते घी पानी फेक दिया और मेरा दोनों हाथ जल गया और पप्पू यादव ने मकान मालिक दिनेश कुमार दुबे वा उसकी पत्नी वा उसके लड़के दीपक कुमार दुबे के खिलाफ फाफामऊ थाने मे जा कर तहरीर दी और फाफामऊ प्रभारी ने उपचार हेतु मेडिकल करवाने हेतु भेजा।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

अखण्ड भारत संदेश

**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र मांडा अन्तर्गत कोरांव मुख्य मार्ग पर कुशलपुर सात किनारी के पास कोरांव क्षेत्र से भूसा लादकर ट्रैक्टर ट्राली पर घर लौटते वक्त अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पत्थरों व पेड़ो से टकराने पर युवक ट्रैक्टर की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। युवक को हालत गंभीर देख आनन फानन में इलाज के लिए शहर ले जाते वक्त उसके प्राण पखेड़ू उड़ गए। घटना की जानकारी पर घर में कोहराम मच गया। और सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया है। ट्रैक्टर चालक छोड़ कर फरार हो गया। मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह लगभग ग्यारह बजे बघौरा खवासान गांव निवासी शिव बाबू बिंद उर्फ भीम उम्र (38) कोरांव क्षेत्र से भूसा लादकर ट्रैक्टर ट्राली से घर लौटते वक्त कुशलपुर सात किनारी के पास कोरांव -मांडा मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पत्थरों व पेड़ो से टकरा गई और युवक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया जिससे वह ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। युवक की हालत गंभीर देख आनन फानन में इलाज के लिए शहर ले जाते वक्त रास्ते में ही प्राण पखेड़ू उड़ गए। सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया है। मृतक मुम्बई में प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वहीं मृतक के बड़े भाई रमेश बिंद की बेटी पार्वती की शादी 13 मई को सम्पन्न होनी थी। उक्त शादी समारोह में शामिल होने के लिए नौ मई को ही मुम्बई से घर आया और दस मई शाम को अपने दो बच्चों विकास बिंद उम्र (16) व विश्वास बिंद उम्र (13)के साथ पशुओं के चारा के लिए वह कोरांव क्षेत्र भूसा खरीदने गया और ग्यारह मई को सुबह भूसा खरीदकर ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर घर वापस लौट रहा था कि कोरांव - मांडा मुख्य मार्ग पर कुशलपुर सात किनारी के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पत्थरों व पेड़ो से टकरा गई जिससे वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और ट्रैक्टर की चपेट मे आने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन में इलाज के लिए शहर ले जाते वक्त रास्ते में ही प्राण पखेड़ू उड़ गए। घटना की जानकारी पर मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है और अपने पीछे तीन बेटे विकास, विश्वास व सत्यम उम्र (11) बेटी रेशमा उम्र (9)को छोड़ गए। मृतक के बेटे विकास को भी चोटे आई है।भतीजी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए चाचा घर आया। जो शादी का दिन गम में बदल गया। वहीं युवक की दर्दनाक मौत से हर किसी के आंखे नम हो गईं।

**भूसा लादकर ट्रैक्टर ट्राली सहित अनियंत्रित होकर कोराव मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा, शादी का दिन गम में बदला**



**उक्त कोरांव मुख्य मार्ग पर साल भर में दो युवकों ने जान गवाई, घटना स्थल को लेकर तरह- तरह की चर्चा**

कोरांव-मांडा मुख्य मार्ग कुशलपुर सात किनारी के पास साल भर में लगातार कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। तो वहीं दो लोगों की दर्दनाक मौत होने से उक्त स्थल पर हुए घटना को लेकर ग्रामीणों, क्षेत्रीय लोगों में तरह तरह की चचाएँ फैली हुई है। जहां कि अचानक कोई भी वाहन अनियंत्रित होकर मौत के घाट उतार देती है। इससे पूर्व भारतगंज कस्बा निवासी डॉक्टर सोहराब के बेटे की कार से अनियंत्रित होकर मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं शनिवार को बघौरा खवासान का भी दर्दनाक मौत हो गई।

## क्रियायोग आश्रम में ज्ञानावतार स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि जी का मनाया गया अवतरण दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पावन गंगा के तट पर स्थापित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि जी महाराज का अवतरण दिवस मनाया गया , इस अवसर पर काफी संख्या में देश और विदेश के साधक मौजूद रहे। यूट्यूब के माध्यम से कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट भी किया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए विभिन्न देश जैसे (कनाडा, ब्राजील, सिंगापुर, स्वीटजरलैंड, अमेरिका, स्कॉटलैंड जापान, नेपाल तथा भारत के विभिन्न बड़े शहरों से लोग जुड़े रहे । कार्यक्रम के दौरान क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज ने बताया कि 1894 कुंभ मेले के दौरान महावतार बाबा जी के साथ स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि जी की मुलाकात के बारे में मौजूद साधकों को बताया तथा यह भी बताया कि श्री युक्तेश्वर गिरि जी महाराज को सर्वोच्च आध्यात्मिक व धार्मिक ग्रंथ



पवित्र विज्ञान को संकलित करने का निर्देश भी दिया गया जिसे स्वामी युक्तेश्वर गिरि जी ने एक महीने में ही बड़े अच्छे व सरल शब्दों में लिख दिया। तथा स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज ने साधकों को क्रियायोग रिचार्जिंग व 10 मिनट का अभ्यास भी कराया। तथा युक्तेश्वर जी महाराज के विभिन्न शब्दों पर प्रकाश डालते हुए आए हुए देश-विदेश के साधकों को विस्तार से समझाएं।

## मुल्जिम ने दी शादी की दुहाई, कोर्ट बोली- हर 15 दिन में लगाओ थाने में हाजिरी

**प्रयागराज।** हाथ में शादी का कार्ड और माफी की गुहार लगाता मुल्जिम। कभी आंसू बहाता तो कभी आगे कोई भी गलत काम न करने की कसम खाता। आखिरकार कोर्ट ने उसकी हालत को देखते हुए जिला बदर की कार्रवाई तो नहीं की। हालांकि, यह जरूर आदेशित किया कि हर 15 दिन में वह नैनी थाने में हाजिरी लगाएगा। इसके बाद आरोपी की जान में जान आई और वह घर चला गया।रवि भारतीय सरपतइया एडीए कॉलोनी नैनी का रहने वाला है। लगातार आपराधिक गतिविधियों में नाम आने पर नैनी पुलिस ने उसकी चालानी रिपोर्ट गुंडा एक्ट कोर्ट में भेजी थी। कोर्ट ने रिपोर्ट का संज्ञान लेकर उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था। साथ ही पूछा था कि क्यों न उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की जाए। वह नियत तिथि पर फिर कोर्ट में पेश हुआ। बताया जाता है कि सुनवाई के दौरान उसने कोर्ट को शादी का कार्ड दिखाया और माफी की गुहार लगाई। कहा कि उसकी हाल ही में शादी हुई है। उसने कसम भी खाई कि दोबारा अपराध के रास्ते पर कदम आगे नहीं बढ़ाएगा। अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद पुलिस आयुक्त रमित शर्मा की न्यायालय ने जिला बदर की कार्रवाई तो नहीं की। हालांकि उसे हर 15 दिन पर नैनी थाने में हाजिरी लगाने का आदेश सुना दिया। यह भी कहा कि उसे अगले तीन महीने तक ऐसा करना होगा।

### गंगा एक्सप्रेस वे के काम में बाधा पहुंचाने वाला भी हुआ पेश

उधर प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेस वे के काम में बाधा पहुंचाने का आरोपी भी कोर्ट में पेश हुआ। संजीव पांडेय उर्फ संजू निवासी गिरधरपुर गोडवा थाना होलागढ़ के खिलाफ पुलिस को अन्य आपराधिक गतिविधियों के साथ ही गंगा एक्सप्रेस वे के तहत चल रहे काम में बाधा पहुंचाने की शिकायत मिली थी। रंगदारी मांगने की भी शिकायत मिली थी। जिस पर पुलिस की ओर से चालानी रिपोर्ट गुंडा एक्ट कोर्ट को भेजी गई थी। कोर्ट ने उसे नोटिस जारी कर पेशी होने का आदेश दिया था। इस पर आरोपी कोर्ट में पेश हुआ और अपना पक्ष रखा। फिलहाल इस प्रकरण में सुनवाई के लिए अगली तिथि नियत की गई है।

## न्यूज झरोखा

### नैनी में पूर्व प्रधान के घर के बाहर खड़ी सफारी, स्कार्पियो में लगी आग

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के भंडरा, उमरगंज मोहल्ले में घर के बाहर खड़ी पूर्व प्रधान की सफारी और स्कार्पियो में शुक्रवार देर रात किसी ने आग लगा दी। घटना की जानकारी होते ही मोहल्ले के लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात लगभग



दो बजे ग्राम सभा भंडरा उमरगंज के पूर्व प्रधान जहीर अहमद के घर के बाहर खड़ी सफारी एवं स्कार्पियो गाड़ियों में कुछ अज्ञात लोगों ने अराजकता फैलाने के उद्देश्य से तेल छिड़क कर आग लगा दिया। इसके बाद वह वह भाग निकला। सफारी गाड़ी को पूरी तरह आग के हवाले कर चुके, ये लोग जैसे ही बगल में खड़ी दूसरी गाड़ी स्कार्पियो का शीशा तोड़कर उसमे भी तेल छिड़क कर आग के हवाले करने लगे। उसी वक्त अचानक घर के सामने स्थित रेलवे फाटक के गेटमैन ने ड्यूटी रूम से बाहर निकला तो उसकी नजर गाड़ियों पर पड़ी। आग की लपटों को देख गेटमैन ने घरवालों को सूचित किया। गेटमैन की आवाज सुन कर सो रहे घरवाले जैसे ही बाहर निकले तो गाड़ियों में लगी आग को देखकर हतप्रभ रह गए। आनन-फानन में घरवाले आग बुझाने के लिए पानी लेकर दौड़ पड़े। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सफारी अंदर से पूरी तरह जल चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुँची नैनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

### पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 1200 ग्राम अवैध गांजा बरामद

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में नैनी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गोविंद बिन्द पुत्र श्यामबाबू बिन्द निवासी फूलमण्डी भट्ठागांव थाना नैनी को शुक्रवार को मुखबिर खास की सूचना पर धनुहा स्टेडियम के पास थाना क्षेत्र नैनी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 301/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

### औद्योगिक क्षेत्र में ट्रेन से कटकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के शांतिपुरम कॉलोनी के समीप शनिवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर एक युवक की छत- विछत लाश पाई गई। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह शांति पुरम कॉलोनी के समीप रेलवे ट्रैक पर एक युवक की छत- विछत लाश पाई गई। उसकी उम्र तकरीबन (35) वर्ष की आंकी गई। वह शरीर पर नीले कलर की शर्ट एवं काले कलर की पैंट पहने हुए था। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अज्ञात में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

### कूकर फटने से महिला की हालात नाजुक

**मऊआइमा।** खाना बनाते समय कूकर फटने से महिला को गंभीर चोटें आयीं। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मऊदोस्तपुर निवासनीय रूखसाना 38 वर्षीय पत्नी रूबीना बानों कूकर पर भोजन बना रही थी।बताते हैं कि अचानक कूकर फट गया उसका ढक्कन छत तक पहुंच गया। भोजन बना रही रूबीना बानों को गंभीर हालत में निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### डीएम के आदेश पर गाडी गयी लाश को भेजा गया पोस्टमार्टम

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सकरामऊ निकासी शिवदास 21वर्ष पुत्र छेदीलाल पटेल की मौत 27अप्रैल को रात में हो गई थी।जिसे 28अप्रैल को घाट पर गाड दिया गया।बताया गया है कि मृतक ने लव मैरेज से प्रतापगढ़ में शादी की थी। मृतक की पत्नी भी तीन दिन पर जब भाग गयी तो परिजनों को शंका हुई तो वह डीएम के यहां तहरीर देकर शंका जताई। जिसपर शनिवार को शिवदास की लाश घाट से खोद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आएगी।

## छेड़खानी लैंगिक उत्पीड़न है दुष्कर्म नहीं मासूम से दुराचार का तय आरोप रद्द

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट का मानना है कि 12 वर्ष से कम उम्र की पीड़िता के साथ की गई छेड़खानी लैंगिक उत्पीड़न (शीलभंग) मानी जा सकती है, दुष्कर्म नहीं। न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की पीठ ने बुलंदशहर के पहासू थाना क्षेत्र से जुड़े एक प्रकरण में पॉक्सो एक्ट कोर्ट की ओर से सात वर्षीय मासूम के साथ हुई छेड़खानी की घटना में तय किए गए दुष्कर्म के आरोपों को रद्द कर दिया।हाईकोर्ट ने आरोपी संजय गौर की पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पीड़िता की मां ने संजय गौर के खिलाफ अपनी सात वषीर्या बेटी के साथ दुष्कर्म करने की एफआईआर दर्ज कराई थी। हालांकि, मां ने बेटी के आंतरिक चिकित्सीय परीक्षण की इजाजत नहीं दी थी, लेकिन आरोपी के खिलाफ मौजूद अन्य सुबूतों के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए विशेष अदालत ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धाराओं के साथ दुष्कर्म का आरोप भी तय किया था। इसके खिलाफ आरोपी ने आपत्ति दाखिल की, जिसे अदालत ने निरस्त कर दिया था। तब आरोपी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याची के अधिवक्ता सुरेश कुमार मौर्य ने कहा कि पीड़िता की मां ने अपने बयानों में कहीं भी यौन संबंध बनाए जाने की पुष्टि नहीं की है। चिकित्सीय परीक्षण के दौरान पीड़िता भी आंतरिक जांच की इजाजत नहीं दी गई। लिहाजा, दुष्कर्म का अपराध गठित नहीं होता। कोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए आरोपी को राहत दे दी।

### जेल के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मिजार्पुर रोड जेल के समीप शुक्रवार की रात किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। शिनाख्त न होने से पुलिस ने शव का अज्ञात में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात मिजार्पुर रोड जेल के समीप किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक शरीर पर चेक दार शर्ट और आसमानी कलर की पैंट पहने हुए था। उसकी उम्र तकरीबन (40) वर्ष की आंकी गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का अज्ञात में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

## अवैध खनन कर यमुना नदी से निकाला जा रहा बालू

**नौड़िया तरहार व अन्य यमुना घाटों पर ताबड़तोड़ छापेमारी**

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के अवैध चल रहे नौड़िया तरहार सहित अन्य यमुना घाटों पर शुक्रवार रात को अधिकारियों की फौज पहुंची तो हड़कंप मच गया।अधिकारियों की फौज देख यमुना घाटों पर मौजूद खनन कार्य में लगे लोग घाट से भाग खड़े हुए। जिलाधिकारी प्रयागराज के निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम बारा की अगुवाई में खनन टीम,नायब तहसीलदार विजय कुमार,राकेश कुमार यादव वक्षेत्राधिकारी बारा,थाना लालापुर की टीम के साथ देर रात लगभग ग्यारह बजे लालापुर क्षेत्र के यमुना घाट कचरा मिश्रपुर, मानपुर, नौढ़िया तरहार घाटों का निरीक्षण किया। यमुना घाटों पर कोई नाव व बोट नहीं मिली।घाट पर मिली बालू को जेसीबी मशीन लगाकर यमुना नदी में फेंक दिया। एसडीएम बारा



दिग्विजय सिंह ने बताया की लगातार छापेमारी की जायेगी। अवैध खनन व ओवर लोडिंग किसी भी दशा में नहीं होने दिया जायेगा।

# इंटरनेशनल मदर्स डे पर वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजूकेशन में हुआ आयोजन

### माताओं को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**


मदर्स डे पर मौजूद माताएं व शिक्षिकाएं।

**प्रतापगढ़।** वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजूकेशन अमेठी रोड़ पर इण्टरनेशनल मदर्स डे का आयोजन किया गया जिसमें सभी अभिभावक और विशेष तौर पर बच्चों की माताओं ने सहभाग किया। इस कार्यक्रम में बच्चा और उसकी माँ के बीच के सम्बन्धों के परीक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें अपने बच्चे को जानों कार्यक्रम के अन्तर्गत माँ और बच्चे से अनेकानेक प्रश्न पूँछ कर यह जानने का प्रयास किया गया कि माँ अपने बच्चे के स्वभाव उसके पसंद का रंग उसके पसंद का भोजन आदि के बारे में कितना जानती है।

इसी प्रकार स्पून, लेमन रेस के द्वारा माँ और बच्चे की बीच सामंजस्य और विश्वास का आकलन किया गया जिसमें युवराज सिंह सुपुत्र काजल सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जीवन रक्षक इवेंट के रूप में नो गैस कुकिंग सम्पन्न कराया गया। जिसमें बच्चों और उनकी माताओं ने मिलकर बिना गैस के प्रयोग किये उपलब्ध सामाग्रियों के द्वारा भोजन तैयार किया गया और इस आयोजन में जिसमें कु0 अंशिका सिंह और अंशुमान सिंह उनकी माँ बबिता सिंह प्रथम स्थान पर रहीं और न्यूट्रीशन के आधार पर कु0 अनवी और उनकी माँ लक्ष्मी पाण्डेय को सम्मानित किया गया और मास्टर शेफ के रूप में अनवी और उनकी माँ श्रीमती लक्ष्मी को सम्मानित किया गया। छोटे बच्चों में थम्ब प्रिटिंग एवं पाम प्रिटिंग आयोजित किया गया जिसमें अर्थव तिवारी एवं कु0 मोहिनी तिवारी को सम्मानित किया गया और बैलून गेम में कु0 आरोही सोनी एवं उनकी माँ अर्चना सोनी को सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा कार्यक्रम में अनेकानेक प्रस्तुतियाँ की गई। संस्थापक अरविन्द श्रीवास्तव ने सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कानून व्यवस्था से खुश होकर व्यापारी कर रहा भाजपा का समर्थनः नंदी

### मोदी की गारण्टी पर है जनता का विश्वास

**अखंड भारत संदेश**


प्रदेश मंत्री नंद गोपाल नंदी का स्वागत करते भाजपाई।

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी आज शहर के हादीहाल में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के पद से कहा कि पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहने से व्यापारी खुश है और वह एकजुट होकर पूरे प्रदेश में भाजपा का समर्थन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी से लोगों को आशा बंधी थी, 2019 में प्रधानमंत्री मोदी पर जनता का विश्वास बना और 2024 में मोदी की गारंटी पर विश्वास कर जनता तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाएगी। उन्होंने कहा कि गत दस वर्षों में बिना थके, बिना रुके प्रधानमंत्री जनता की सेवा में जुटे रहे। यही कारण है कि तीन चरण के चुनाव में भाजपा 300 सीटें निश्चित रुप से पाएगी। नंदी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस के शासन में सेना के जवानों का सिर काट लिया जाता था। देश भर में आतंकवाद की घटनाएं होती थी। आज भारत की तरफ कोई निगाह नहीं उठा सकता। देश में आतंकवाद का सफाया हुआ। प्रदेश में गुण्डाराज खत्म हुआ। इन्हीं कारणों से जनता प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास करती है। समारोह में सांसद प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की रुचि केसरवानी व सारिका श्रीवास्तव, पूर्व सभासद रमा मिश्रा ने नंदी का स्वागत किया। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, सरदार महेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश केसरवानी, सुरेश अग्रवाल, अभिषेक केसरवानी, सुनील जायसवाल, राहुल केसरवानी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# नगर क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की नगर पालिका ने की साफ-सफाई

## पेजयल व्यवस्था भी रहेगी उपलब्ध

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका क्षेत्र के स्कूलों में बने मतदान केन्द्रों की नगर पालिका साफ-सफाई करवा रही है। खास तौर पर शौचालय को साफ-सुथरा किया जा रहा है तथा पेयजल उपलब्ध कराने के लिये वाटर टैंकर की व्यवस्था की जा रही है।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील की देखरेख में आज अचलपुर, दहिलामऊ आदि क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, संतोष कुमार सिंह, सभासद आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे। नगर के हर मतदान स्थल की साफ-सफाई करवाने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि प्रतापगढ़ में 25 मई को मतदान है। 24 की शाम से मतदान पार्टियां मतदान केन्द्रों पर पहुंचेंगी, वहां की व्यवस्था चौक-चौबंद हो, इसके लिये प्रशासन जुटा हुआ है और साफ-सफाई कराई जा रही है।

# साकेत महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

### पहले मतदान, फिर करें जलपान का छात्राओं ने लगाए नारे

**अखंड भारत संदेश**



मतदाता जागरुकता रैली में शामिल छात्राएं व शिक्षिकाएं।

**प्रतापगढ़।** साकेत महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र हमें यह अधिकार देता है कि हम अपने लिए एक अच्छा शासक चुने आने वाला समय लोक सभा चुनाव का है ऐसे में हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी यह है कि हम लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी अपने जिम्मेदारी को समझते हुए प्रतापगढ़ जनपद में शत्-प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करें।

उसके उपरान्त छात्राओं ने कचेहरी से कटरा रोड़ पर रैली निकालकर लोगों को आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु जागरूक किया रैली कचेहरी से होते हुए रेनू वर्मा अस्पताल तक गई। छात्राओं ने लोगों को जागरूक करने के लिए अपने हाथों में पट्टिका ले रखी थी जिसमें विभिन्न प्रकार के श्लोगन जैसे- चन्द्रमा पे चन्द्रयान, धरती पे मतदान, आधी रोटी खाएंगे वोट देने जाएंगे, पहले मतदान फिर जलपान, छोड़ो अपने सारे काम, पहले करो चले मतदान आदि लिखे हुए थे। कार्यक्रम में डॉ. अनीता पाण्डेय, डॉ. प्रतिभा मिश्रा, डॉ. अवधेश कुमार शर्मा, प्रभा भारती, ज्योति सिंह, आरती श्रीवास्तव, अनन्त प्रकाश शुक्ला, विनय कुमार सिंह, संजय पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार, राहुल मिश्रा उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में अधेड़ पर धारदार हथियार से हमला, रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन विवाद अधेड़ पर धारदार हथियार से हमला। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को 108 एंबुलेंस से भिजवाया अस्पताल। कोतवाली इलाके के भूसहर गांव के रहने वाले जमील अहमद (60) वर्ष पुत्र मोहम्मद सत्तार ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद चल रहा है। इसी को लेकर शनिवार की दोपहर एक बजे के आस-पास विपक्षियों ने मां-बहन को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे इस दौरान धारदार हथियार से अधेड़ के सर पर गंभीर चोट आने से जमील अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनो ने इसकी सूचना स्थानी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पट्टी भिजवाएं जहां पर गंभीर हालात के चलते डॉक्टर ने अधेड़ को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मामले में नाम जद आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि मार-पीट की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची थी और घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया है। और पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया है घायल को जिला मेडिकल भेजा गया है।

# घर-घर में होनी चाहिए भगवान परशुराम की पूजा

## परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**


परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारीगण।

**परियावां, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मझिलगांव से निकलकर कुंडा कस्बे का भ्रमण करते हुए ताजपुर पहुंची। यहां गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर अनुसरण करने का आहवान किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने कहा कि भगवान राम की तरह भगवान परशुराम भी पूजनीय हैं, इसीलिए भगवान परशुराम की पूजा घर-घर में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का अवतार पृथ्वी पर अन्याय के प्रति न्याय का प्रतिपादन, दुष्टों का नाश तथा धर्म राज्य की स्थापना करने के लिए हुआ था। चेयरमैन शिव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भगवान परशुराम का एक-एक चरित्र अनुकरणीय है। उनके एक-एक गुण के ऊपर इतिहास लिखे हुए हैं। एडवोकेट भुवन त्रिपाठी ने कहा कि धर्म और सद्भाव का कोई अंत नहीं होता। भगवान परशुराम ने आताताईयों का अंत किया था। कार्यक्रम को योगेश मिश्रा मौला महराज, भूपेंद्र पांडेय, लक्खा महराज, मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण त्रिपाठी आदि ने संबोधित करते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राम्हण समाज के संरक्षक सुरेश पांडेय व संचालन सतीश मिश्रा विधायक ने किया। इस मौके पर पप्पू मिश्रा, मिहिर मिश्र, सत्यम मिश्रा, अमन मिश्रा, आयुष मिश्रा, ज्योति शर्मा, आशीष मिश्रा, पंकज पांडेय, प्रसून मिश्रा, मोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।


रामपुर खास में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते बसपा प्रत्याशी।

# मौका दीजिए, आपका खोया सम्मान लौटाएंगेः प्रथमेश

### रामपुर खास में चुनाव कार्यालय का बसपा प्रत्याशी ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ की बात करें तो बीजेपी उम्मीदवार अपने भाषण में विकास कार्य बहुत गिनाते हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं दिखाते। जनता को बताएं और दिखाएं कि उनके कार्यकाल में जिले को क्या मिला। गरीब परेशान है, व्यापारी पीड़ित है और सर्वसमाज के सम्मान से खिलवाड़ किया गया, ऐसा अब भी हो रहा है। यह बातें संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ से बसपा के उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र सेनानी ने लालगंज इलाके में जनसंपर्क के दौरान शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि लोगों को भाजपा व उसके नेता जनता को गुमराह कर रहे हैं। रामपुर खास में चुनाव कार्यालय का उद्घााटन करते हुए प्रथमेश ने कहा कि प्रतापगढ़ का पिछड़ापन अखरता है। महापुरुषों, किसान आंदोलन, युवा शक्ति की यह गौरवशाली धरती विकास के नाम पर कहीं नहीं गिनी जाती। इसकी पहचान को बनाने, जनता का खोया सम्मान लौटाने के लिए बसपा ने हमें टिकट दिया है। युवा, महिला, बुजुर्ग सब हमसे तेजी से जुड़ रहे हैं। सेवा का अवसर मिलने पर जिले की तस्वीर बदली जाएगी। बिना भेदभाव के विकास होगा। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, अश्वनी राणा, प्रथमेश की पत्नी प्रीती मिश्रा समेत पार्टी के लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व एमएलसी कांति सिंह ने विश्वनाथगंज विधान सभा क्षेत्र में किया जनसम्पर्क

### इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी सिंह पटेल के समर्थन में सहयोग की अपील

**अखंड भारत संदेश**


लोगों से मुलाकात कर समर्थन की अपील करतीं पूर्व एमएलसी कांति सिंह।

**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डा0 एसपी सिंह पटेल के समर्थन में शनिवार को पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने जिले के विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के संड़वा चन्द्रिका, छत्तरपुर, राम नगर भोजपुर, मकाईपुर, भट्टी मार्केट सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की।

आज की सरकार गौ रक्षा की बात करती है, परंतु गौशाला मौत शाला बन गई है, भूख प्यास से मवेशी मर रहे हैं। संड़वा चन्द्रिका ब्लॉक के बरेंद्र गांव में गौशालाओं की बड़ी ही दयनीय स्थिति है। यह सरकार सारे कार्य कागज पर ही करती है, जमीन पर इसके कोई कार्य नजर नहीं आते, इसी तरह नौजवानों को मुद्रा लोन की बात करते हैं परंतु नौजवानों को रोजगार के लिए कोई लोन नहीं मिलता। इसी के साथ सपा नेत्री मांधाता क्षेत्र में आयोजित जनसभाओं में शामिल हुई। जनसभा के उपरांत उन्होंने गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के बूढ़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए सपा सरकार के कार्यकाल में किये गये विकास को गिनाया। इस मौके पर लवकुश सिंह, अशोक सिंह प्रधान, डॉ. विवेक सिंह प्रधान, राहुल पाल, राजू यादव, विवेक यादव, अमरदीप पाण्डेय, विकास मिश्र, अभिषेक पटेल, शिवम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# बूथों पर किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल करायें समाधानः डीएम

### प्रेक्षकगण, डीएम व एसपी ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, व्यय प्रेक्षक सुब्रत धर एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कल सायंकाल पुलिस लाइन स्थित टीन सेड सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेट्ठटों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर विशेष निगरानी रखे, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था क्षेत्रों में बनाये रखें और चुनाव को पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करायें। जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेट्ठट अपने सेक्टर एवं जोन के बारे में विस्तृत जानकारी रखें, सम्बन्धित थानों के फोन नम्बर अपने पास सुरक्षित कर लें जिससे चुनाव के दिन सम्पर्क स्थापित करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेट्ठट आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें, अपने-अपने बूथों की निरन्तर निगरानी करते रहे, बूथों पर यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो उसका तत्काल समाधान करायें, यदि बूथों पर किसी भी प्रकार की घटना घटित होती है तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेट्ठट अपने बूथों का निरीक्षण करते रहे, यदि बूथों पर मूलभूत सुविधायें नही है तो उसे पूर्ण करायी जाये।

प्रेक्षकगणों ने कहा कि चुनाव में सेक्टर एवं जोनल मजिस्टेट्ठटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सभी अपने दायित्वों को पूरी तरह से निर्वहन करें, साथ ही पोलिंग पार्टियों के दाायित्वों को भी ठीक से समझें। सभी सेक्टर मजिस्टेट्ठट पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर समय से पहुॅचे और ध्यान रहे कि सभी पोलिंग पार्टियॉ समय से अपने बूथों पर पहुॅच जायें, साथ ही मतदान से सम्बन्धित सामग्री भी बूथों पर ठीक से पहुॅच जाये। प्रेक्षक ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्टेट्ठट रवानगी से पहले बसों में पोलिंग पार्टियों के साथ पुलिस कर्मियों की तैनाती भी देख लें, उन्होने कहा कि सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के साथ ही पोलिंग पार्टियों की बसों को मतदान बूथों के लिये रवाना किया जाये, साथ ही पोलिंग पार्टियों के बूथों पर पहुॅचने की स्थिति को भी गम्भीरता से देखें। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल बताया कि पोलिंग बूथों पर पुलिस फोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित करा दी गयी है, क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था रहेगी। उन्होने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, अपने-अपने क्षेत्रों में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर बनाये रखें, अधिकारियों के साथ आपस में समन्वय स्थापित कर निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता सहित सेक्टर एवं जोनल मजिस्टेट्ठट उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक खम्भे से टकराई, घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बहन के घर से वापस लौटते समय बाइक सवार अनियंत्रित होकर बिजली की खंभे से टकरा गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे निजी वाहन से इलाज के लिए सीएचसी भेजा जहां हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के दहेरकला गांव निवासी अर्जुन (20) शुक्रवार शाम बहन के गया था। घर लौटते समय शुक्रवार रात नौ बजे इटवा गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा गया जहां गंभीर चोट के चलते प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

# माइक्रो आब्जर्वर अति संवेदनशील बूथों पर निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराएंः सामान्य प्रेक्षक

### माइक्रो आब्जर्वर प्रशिक्षण कार्यशाला का विकास भवन में किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु दो दिवसीय माइक्रो आब्जर्वर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति ने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार ही कार्य करेगें, आपकी तैनाती संवदेनशील, अति संवेदनशील बूथों पर की जा रही है, आपकी देखरेख में चुनाव सम्पन्न होगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने आप हमे सीधे रिपोर्ट करेगें। मतदान समाप्ति पर महुली मण्डी में आप लोग अपनी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत करेगें। स्क्रूटनी के दिन सभी माइक्रो आब्जर्वर नवीन महुली मण्डी में उपस्थित रहे। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर को निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर निगरानी करते हुये मतदान को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें, निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद प्रतापगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न कराने के लिये आपकी तैनाती की गई है, आप लोग संवेदनशील रहकर चुनाव सकुशल सम्पन्न कराएं। पावर प्वाइन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से राज्य स्तरीय सुपर मास्टर टेठ्ठनर डा0 मो0 अनीस, डा0 विन्ध्याचल सिंह और एआरपी धर्मेन्द्र ओझा ने ईवीएम, एएसडी सूची, टेण्डर वोट, चैलेंज वोट, टेस्ट वोट आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, प्राचार्य अफीफ कोठी मंजू वर्मा, प्राचार्य आईटीआई कुण्डा रूपेश कुमार सहित पूनम केसरवानी, दिनेश शर्मा एवं प्रशिक्षु माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।




# बाइक सवार दो लोगों को ट्रक ने कुचला दोनों गंभीर घायल

## घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था न होने पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी ने प्रयागराज किया रेफर

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के कोखराज थाना के नजदीक प्रयागराज से वापस लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से कुचल दिया है जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना 108 एंबुलेंस के साथ-साथ थाना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस पहुंची है और 108 एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने संयुक्त जिला चिकित्सालय स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मंझनपुर रेफर कर दिया और मंझनपुर पहुंचे घायलों को चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैयद राजेपुर गांव निवासी शुभम पुत्र जयपाल अपने रिश्तेदार सुखलेश्वर निवासी फतेहपुर के साथ बाइक से शनिवार की दोपहर प्रयागराज से वापस अपने घर लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों लोग कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज के पास पहुंचे पीछे से आ रही अनियंत्रित तेज गति ट्रक ने बाइक सवारो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं पूरी सड़क में खून फैल गया हादसे के बाद मौके से ट्रक चालक फरार हो गया है सड़क पर तड़प रहे लोगों को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे राहगीर भी रास्ते में रुक गए मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मियों ने घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है हादसे की जानकारी परिवार के लोगों को दे दी गई है मामले की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंचे दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया है दोनों की हालत गंभीर बताई जाती है।

### कौशांबी के सरकारी अस्पताल बने तमाशा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो लोगों के सड़क हादसे में घायल होने के बाद जिले के सरकारी अस्पतालों में उन्हें इलाज नहीं मिल सका है सरकारी चिकित्सक इस अस्पताल से उस अस्पताल घायलों को रेफर करने तक सीमित रह गए हैं जिससे कौशांबी जिले की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं घायल लोगों को सरकारी अस्पताल में इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है और गंभीर रूप से घायल तड़प रहे खून से लथपथ मरीजों को इस सरकारी अस्पताल से उस सरकारी अस्पताल रेफर करने तक सरकारी चिकित्सक सीमित रह गए हैं जिससे पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं घायल लोगों का खून बहता रहता है और उन्हें रेफर के बाद फिर इस अस्पताल से उस अस्पताल रेफर कर दिया जाता है जिससे चोट लगने से नहीं घायल लोगों की मौत अधिक खून बह जाने से होती है जिससे चिकित्सकों की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है लेकिन मामले को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और कौशांबी के अस्पताल केवल मरीज रेफर केंद्र बनकर रह गए हैं।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कौशांबी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मनौरी एयर फोर्स गेट के नजदीक शनिवार की सुबह तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद मौके से चालक कार सहित फरार हो गया। सूचना पाकर पूरामुफ्ती पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर सुनकर परिजनों के बीच कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मादपुर गांव निवासी अरविंद कुमार पटेल उम्र 36 वर्ष पुत्र जगन्नाथ पटेल शनिवार की सुबह बाइक से मुंडेरा मंडी सब्जी लेने जा रहा था। मनौरी एयर फोर्स गेट के नजदीक पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक सवार अरविंद पटेल को टक्कर मार कर फरार हो गया। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गया और दर्द से कराहने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एम्बुलेंस से एसआरएन के लिए भेजा, लेकिन रास्ते में घायल युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद शव को कब्जे में लेकर लिखा – पढ़ी के बाद पूरामुफ्ती पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहरीर मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी कार चालक की खोज में जुट गई है।

# तेज रफ्तार बाइक सवार फिसल कर गिरे एक की मौत एक घायल

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलकिया के पास ओवर स्पीड के चक्कर में बाइक सवार सड़क पर फिसल कर गिर पड़े हैं जिससे बाइक सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है और बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों के भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक नारा गांव के मजरा डेरापर के रहने वाले रियाज उम्र 18 वर्ष पुत्र इसरार अपने एक अन्य साथी अब्दुल हई के साथ शनिवार को बाइक से मंझनपुर आए थे लगभग शाम 6:00 बजे रियाज अपने साथी के साथ बाइक से वापस गांव जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मलकिया के पास पहुंचे ओवर स्पीड के चलते उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और फिसल कर



सड़क पर गिर पड़ी जिससे बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे में रियाज की घटनास्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है और साथी घायल है मामले की



जानकारी परिवार के लोगों को मिली तो दूसरे युवक को परिवार के लोग मौके से ले गए हैं और किसी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

### ड्यूटी पर जा रहे वॉचमैन को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत ओसा चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने मनोज तिवारी उम्र 45 वर्ष पुत्र शिवमूरत की दोपहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मनोज तिवारी घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल मनोज को जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया जानकारी के अनुसार मनोज तिवारी वाचस्पति महाविद्यालय में बतौर वॉचमैन कार्यरत हैं। रोज की भांति वह अपने घर भेलखा से महाविद्यालय में ड्यूटी करने जा रहे थे रास्ते में हादसे के शिकार हो गए।

### बीडीओ के भ्रष्टाचार की रिपोर्ट मे लीपा पोती करने की शिकायत को सीडीओ ने लिया संज्ञान

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड मंझनपुर के अम्बावा पश्चिम गांव मे पांचवें राज्य वित्त आयोग से एक इंटर लाकिंग का निर्माण कार्य कराया गया है । जिसे गांव के एक निजी व्यक्ति पशुपतिनाथ के भूमिधरी भूमि आराजी संख्या 209 मे करा दिया गया जो कृषि भूमि भी है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी से किया था लेकिन खण्ड विकास अधिकारी ने निजी एवं कृषि भूमि पर हो रहे इंटर लाकिंग निर्माण पर रोक लगाने मे तनिक भी गंभीरता नहीं दिखाई थी जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों से किया तो खण्ड विकास अधिकारी ने भूमिधर स्वामी से भूमि को सार्वजनिक किये जाने का हलफनामा लेकर लाखो के भ्रष्टाचार की लीपा पोती करने का भरपूर प्रयास अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारीयो को प्रेसित कर दिया है जिसकी शिकायत अम्बावा पश्चिम के ग्रामीणों मुख्य विकास अधिकारी रविकिशोर त्रिवेदी से. किया तो मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायती प्राकरण को गंभीरता से लेते हुए पंचायती राज्य अधिकारी को राजस्व रिपोर्ट के आधार पर जाँच आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

# जूस की ठेलिया से टकराए कार सवार चार लहूलुहान

## गंभीर घायलों से हमदर्दी जताने के बजाय सौदेबाजी पर उतर आई थाना पुलिस



**कौशाम्बी।** मूरतगंज कस्बे से प्रयागराज जा रहे कार सवार जैसे ही संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर बाजार के पास पहुंचे सड़क किनारे मनोज कुमार पुत्र मसुरियादीन निवासी हुसैनमई ठेलिया में जूस बेच रहे थे ठेलिया चालक ने अचानक सड़क पर ठेलिया को ठेल दिया अचानक डामर सड़क पर ठेलिया आ जाने से कार सवार माजरा नहीं समझ पाए और ठेलिया से तेजगति कार सवार टकरा गए दुर्घटना डामर सड़क पर हुआ है जिससे कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं मौके पर चीख पुकार मच गई आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची और एंबुलेंस भी पहुँची घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर बताई जाती है ठेलिया वाले ने कार सवार के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर 30 हजार रुपए के नुकसान का आरोप लगाया है जूस बेच रहे ठेलिया वाले की तहरीर पाते ही घायल कार सवार पर पुलिस दबाव बनाने लगी है दुर्घटना का जिम्मेदार कार सवार को पुलिस बता रही है घायलों का नाम बताने के लिए पुलिस तैयार नहीं है जबकि अचानक ठेलिया वाले ने सड़क ठेलिया धकेल दिया ठेलिया वाले ने सड़क पर अचानक ठेलिया धकेला ना दिया होता तो दुर्घटना ना होती इस हादसे में जूस बेच रहे ठेलिया वाले की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है चार लोगों के घायल होने के मामले से पुलिस को हमदर्दी नहीं है बल्कि ठेलिया वाले के नुकसान से पुलिस कार वालों से सौदेबाजी कर रही है खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है सड़क पर चलने के लिए यातायात नियम बनाए गए हैं यातायात के नियम के उल्लंघन करने से दुर्घटना होती है तो नियमों का उल्लंघन करने वाला दोषी होता है लेकिन पुलिस सड़क पर चलने वाले को दोषी मान रही हैं और यातायात का उल्लंघन करने वाले को पुलिस दोषी मानने को तैयार नहीं है।

### ट्रक और डंपर में भिड़ंत चालक गंभीर घायल

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली के अंतर्गत ओसा चित्रकूट रोड पर उमरा गांव के पास बालू लदे ट्रक और डंपर में जबरदस्त भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत होने के बाद बालू लदा ट्रक जाकर पेड़ से टकरा गया जिससे ट्रक चालक को गंभीर चोटे आ गयीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जनपद निवासी ट्रक चालक सरोज कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र राम मिलन ट्रक में बालू लादकर प्रयागराज की ओर जा रहा था जैसे ही उमरा गांव के पास बालू ट्रक पहुंचा डंपर से टक्कर हो गई है जिससे बालू ट्रक पेड़ से टकरा गया है और पेड़ से टकराने के बाद ट्रक चालक सरोज कुमार को गंभीर चोटे आई है मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस कर्मियों ने घायल सरोज कुमार को इलाज के लिए जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है दूसरे डंपर चालक को भी मामूली चोट आई है।

# चौकी पुलिस के उसकावे पर पिता पुत्र पर दबंगों ने किया हमला

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी पुलिस का बर्ताव इन दिनों पूरी पुलिस वर्दी को शर्मसार करने जैसा हो गया है धन वसूली में लगी चौकी पुलिस किसी पर भी हमला करवाने को तत्पर दिखाई पड़ रही है जिससे चौकी पुलिस पर लोगों का विश्वास उठता जा रहा है शनिवार को फिर चौकी पुलिस की मौजूदगी में पिता पुत्र पर हमला कर दिया गया और चौकी पुलिस कार्यवाही की बात करती रह गई लेकिन कार्रवाई की बात करने वाली चौकी पुलिस ने खबर लिखे जाने तक हमलावरो पर मुकदमा दर्ज करके उनको गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा है हमलावरों को हवालात में नहीं डाला है जिससे हमला करने वालों को संरक्षण देने का चौकी पुलिस पर आरोप लग रहा है पुलिस के सामने हमला होने के बाद सवाल उठता है कि आखिर पुलिस इतनी कमजोर हो गई है कि पुलिस चौकी में पुलिस की मौजूदगी में दबंग हमला करते रहे और पुलिस केवल कार्यवाही की बात करें तो लोगों को पुलिस पर कैसे भरोसा होगा चौकी पुलिस की साजिश के बाद पिता पुत्र पर प्राण घातक हमला किया गया है घायल दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है चौकी पुलिस इन दिनों पुलिस वर्दी को शर्मसार कर धन वसूली में जुटी है इस तरह के पुलिसकर्मियों को निलंबित करके हमले की साजिश में नामजद करते हुए गिरफ्तार करके जेल भेज देने की मांग जनता ने की है जानकारी के मुताबिक पुराने विवाद को लेकर चायल चौकी पुलिस ने मखऊपुर निवासी सुरेश सोनी और उनके पुत्र के साथ दूसरे पक्ष के कोटियां निवासी रामबालक सोनी और उनके पुत्रों को शनिवार को पुलिस चौकी में बुलाया था

**वर्दी कलंकित कर रही चौकी पुलिस का यही रवैया रहा तो कैसे पुलिस पर लोगों का विश्वास बनेगा**

**पिता-पुत्र पर हमले की साजिश में चौकी पुलिस को नामजद कर निलंबन की कार्यवाही किए जाने की मांग**



पुलिस के बुलावे पर दोनों पक्ष के लोग अपने पुत्र के साथ पुलिस चौकी पहुंच गए चायल चौकी में शनिवार की दोपहर को पुलिस के सामने रामबालक सोनी के पुत्रों ने गाली गलौज करते हुए सुरेश सोनी को थप्पड़ जड़ दिया और पुलिस विवश दिखाई पड़ती रह गई इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्ष को थाने चलने को कहा चौकी पुलिस पर भरोसा करके सुरेश सोनी अपने बेटे के साथ थाने के लिए निकला और जैसे ही कुछ आगे मखऊपुर अमृत पासी के घर के पास में पहुंचे ही थे कि कोटिया निवासी रामबालक सोनी के पुत्रों ने सुरेश सोनी व सुशांत सोनी के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया दौड़ा दौड़ा कर लाठी डंडे से मारा गया जिससे सुरेश सोनी और उनके पुत्र दोनों लोग लहुलुहान हो गए सड़क पर गिर कर तड़पने लगे चौकी पुलिस तमाशबीन बनी रही हमले के बाद पुलिस व ग्रामीणों ने गंभीर हालत में घायल पिता पुत्र को चायल सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने पिता पुत्र को मंझनपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया अब सवाल उठता है कि जब पुलिस चौकी के अंदर राम बालक के पुत्रों ने सुरेश सोनी को थप्पड़ जड़ा था तो चौकी पुलिस ने मामले को गंभीरता से क्यों नहीं लिया क्यों दोनों को साथ थाने भेज दिया पिता पुत्र पर हमला करने के पीछे चौकी पुलिस की साजिश की बू आ रही है पुलिस का यही रवैया रहा तो कैसे पुलिस पर लोगों का विश्वास बनेगा चौकी पुलिस के कारनामे ने एक बार फिर पूरी पुलिस वर्दी को शर्मसार कर दिया है इस मामले को पुलिस अधिकारियों को गंभीरता से लेना होगा क्योंकि मामला पुलिस से जुड़ा हुआ है इस तरह पुलिस की मौजूदगी में हमला होना सवाल खड़ा कर रहा है लोगों का विश्वास कैसे पुलिस पर बनेगा पिता पुत्र की हालत गंभीर देखकर संयुक्त जिला चिकित्सालय के चिकित्सको ने पिता पुत्र को गंभीर हालत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया है प्रयागराज रेफर किए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं कि कौशांबी के अस्पताल केवल मरीज रेफर केंद्र बनकर रह गए हैं।

### एडमिशन कराने गई दो किशोरिया वापस नहीं लौटीं घर

**कौशाम्बी** स्कूल में एडमिशन कराने गई दो किशोरिया घर वापस नहीं लौटी,किशोरियों के घर वापस नहीं आने पर परेशान परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई।पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की रहने वाली दो किशोरिया एक कक्षा 7 और दूसरी कक्षा 8 में एडमिशन लेने के लिए करारी थाना क्षेत्र के बैसकांटी स्थित कालेज में शुक्रवार को गई थी,लेकिन वह वापस नहीं लौटी,देर शाम तक किशोरियों के वापस नहीं लौटने पर दोनों किशोरियों के परिजन परेशान हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी।पीड़ित परिजनो की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई ,जांच के दौरान पुलिस को दोनों किशोरियों की साइकिल और स्कूल बैग गांव के बाहर मिला है,पुलिस कई एंगल से इसकी छानबीन कर रही है।

# कोखराज थाना क्षेत्र में रेल लाइन के पास फिर मिली एक लाश

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के बिदनपुर रेलवे स्टेशन के रेल लाइन के खंभा नंबर 865 /21/23 के पास एक व्यक्ति की रक्त रंजित लाश मिली है शनिवार की सुबह 7 बजे खेत की ओर जा रहे ग्रामीणों ने रेल लाइन के पास लाश देखा तो मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया लाश की जानकारी मिलने के बाद उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार द्विवेदी मौके पर पहुंचे शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है मृतक के जेब में भी कोई अभिलेख ऐसा नहीं मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके रेल लाइन तक युवक का शव कैसे पहुंचा है यह संदिग्ध बना हुआ है हालांकि प्रथम दृष्टता पुलिस ने कहना शुरू कर दिया है कि ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत हुई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इसके पहले भी संदीपन घाट थाना क्षेत्र और कोखराज थाना क्षेत्र में रेल लाइन के आसपास कई लोगों की लाश मिल चुकी है जिनमें मौके की परिस्थितियों दुर्घटना आत्महत्या से इनकार कर रही थी।



# बहादुरपुर गांव में जमकर चले लाठी डंडे पांच गंभीर घायल

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली के ग्राम पंचायत बहादुरपुर में शनिवार को देर रात्रि जमकर लाठी डंडे चले हैं दौड़ा दौड़ा कर लोगों को लाठी डंडा और लोहे के रॉड से पीटा गया है घटनास्थल पर कोहराम मच गया हमले में पांच लोगों को गंभीर चोट आई है ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी है हमले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर चार एंबुलेंस भेजी गई है 108 एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है इस हमले में खुदल लाल पुत्र देवनाथ उनकी पत्नी सुनीता देवी बेटी प्रिया मूलचंद पुत्र मोतीलाल ओम नारायण पुत्र कुतुम नारायण गंभीर घायल हो गए हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है गांव में खूनी संघर्ष देखकर घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ लग गई लेकिन बीच बचाव करने का साहस किसी ने नहीं किया मामले की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची है और जांच करने के बाद कार्यवाही कर रही है हमले के बाद गांव की स्थिति पुलिस के नियंत्रण में तनाव पूर्ण बनी हुई है।












# मास्टर ट्रेनरों द्वारा दूसरे दिन भी मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज दूसरे दिन एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा पोलिंग पार्टी के समस्त मतदान कार्मिकों को सामान्य, ई0वी0एम0, एम0पी0एस0 ऐप एवं वेबकास्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया तथा समस्त पोलिंग पार्टी के पीठासीन अधिकारी के मोबाइल में एमपीएस ऐप को इंस्टॉल भी कराया गया। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिक-पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को उनके कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/दायित्व की विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार



मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल, स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से सम्बन्धित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप मे समय-समय पर दी जाने वाली सूचनाओं की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए पूरी ऐप पर किये जाने वाले समस्त कार्यों को डेमो वीडियो के माध्यम से भी प्रदर्शित कर अवगत कराया गया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार द्वारा मतदान केंद्र पर होने वाली वेबकास्टिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसमे लगे कैमरा के एंगल एवं सावधानियों के विषय में बताया इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# संविधान से मजबूत है भारत की बुनियाद

90 साल के स्वाधीनता आंदोलन और लाखों कुर्बानियों के बाद प्राप्त आजादी को लेकर अंबेडकर बेहद चिंतित थे। भारत के भविष्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए अंबेडकर ने कहा कि '26 जनवरी 1950 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र होगा। उसकी स्वतंत्रता का भविष्य क्या है? क्या वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखेगा या फिर उसे खो देगा?ज सदियों से सामन्तवाद और ब्राह्मणवाद पर आधारित समाज स्वतंत्रता के बाद कैसा होगा?
2024 का लोकसभा चुनाव आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण चुनाव है। यह प्रजातंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। पिछले 10 साल में हिन्दुत्ववादी दक्षिणपंथी सत्ता ने भारत की अस्मिता और उसकी सांस्कृतिक विरासत को बुरी तरीके से जख्मी किया है। आरएसएस और उसके हजारों हिन्दुत्ववादी संगठनों ने अपने भाषणों और कृत्यों से भारत की आत्मा को कुचल डाला है। आजादी के समय देश की जो परिस्थितियां थी, आज वही स्थितियां बना दी गई हैं। स्वाधीनता आंदोलन में हिंदू महासभा के द्विराष्ट्रवाद के सिद्धांत और मुस्लिम लीग की सांप्रदायिक राजनीति ने ऐसे हालात पैदा कर दिए थे कि आजादी के साथ भारत को विभाजन झेलना पड़ा।
विभाजन के दरमियान हुई सांप्रदायिक हिंसा और अमानवीयता ने भारत की स्वतंत्रता पर ही सवाल खड़े कर दिए थे। चर्चिल जैसे यूरोपीय नेता नवनिर्मित भारतीय राष्ट्र के टूटने की भविष्यवाणी कर रहे थे। लेकिन गांधी के मार्गदर्शन, नेहरू के दूरदर्शी चिंतन और डॉ आंबेडकर के सामाजिक न्याय ने देश की नींव को मजबूत बनाकर खड़ा किया। तमाम आशंकाओं को दरकिनार करते हुए वैचारिक दरारों के बावजूद अगर भारत आज भी मजबूती से खड़ा हुआ है तो उसकी बुनियाद भारत का संविधान है।
मोदी सरकार के 10 सालों में भारत के संविधान पर सबसे ज्यादा हमला किया गया। डॉ. अंबेडकर भारतीय राष्ट्र और संविधान की चुनौतियों से अवगत थे। बाबा साहब संविधान निर्माण से लेकर अपने जीवन के अंतिम समय तक लगातार लोकतंत्र और संविधान की चिंता करते रहे। उन्होंने संविधान सभा के अंतिम भाषण में उन चुनौतियों और आशंकाओं को सूत्रबद्ध किया। संविधान सभा में करीब 50 मिनट तक दिए गए इस भाषण की तमाम खूबियां हैं। दुर्योग से इस भाषण की चर्चा अगले 50 साल तक लगभग ना के बराबर हुई। 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में दिया गया डॉ अंबेडकर का यह भाषण 20वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण, बौद्धिक और चेतावनियों से लबरेज भाषण है। जिस तरह नेहरू का 15 अगस्त 1947 की अर्धरात्रि को दिया गया भाषण 'नियति से साक्षात्कार' की चर्चा भारत की गरीबी, बदहाली की चुनौतियों से निपटने और भारत के निर्माण के विषय में है, उसी तरह डॉ. अंबेडकर का भाषण वैचारिक और सामाजिक राजनीतिक चुनौतियों से भरा हुआ है। लेकिन जहां नेहरू के भाषण की चर्चा हमेशा की जाती रही, वहीं अंबेडकर के विचार और व्यक्तित्व की तरह उनके भाषण को भी भुला दिया गया। अगर उस भाषण को आने वाली कांग्रेसी सरकारों और उस समय के बुद्धिजीवियों ने ध्यान से पढ़ा और परखा होता तो शायद हिंदुत्ववाद के ये दुर्दिन नहीं देखने पड़ते।
संविधान निर्माण से लेकर उसके पारित होने और उसके बाद दशकों तक हिंदुत्ववादी संविधान के खिलाफ खड़े रहे। आरएसएस, हिंदू महासभा, राम राज्य परिषद, जनसंघ और भाजपा के नेता गाहे-बगाहे भारतीय संविधान को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक और विदेशी बताते रहे। उनका आग्रह एक ऐसे संविधान का निर्माण करना था जो भारतीयता के नाम पर मनुस्मृति पर आधारित हो। भारतीय संविधान की अप्रासंगिकता और असफलता को हिंदुत्ववादियों द्वारा बार-बार दोहराया गया। डॉ अंबेडकर अपने भाषण में कहते हैं कि, 'संविधान चाहे कितना ही अच्छा क्यों ना हो बुरा साबित होगा, अगर उसके अनुसरण करने वाले लोग बुरे होंगे।'
90 साल के स्वाधीनता आंदोलन और लाखों कुर्बानियों के बाद प्राप्त आजादी को लेकर अंबेडकर बेहद चिंतित थे। भारत के भविष्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए अंबेडकर ने कहा कि '26 जनवरी 1950 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र होगा। उसकी स्वतंत्रता का भविष्य क्या है? क्या वह अपनी स्वतंत्रता बनाए रखेगा या फिर उसे खो देगा?' सदियों से सामन्तवाद और ब्राह्मणवाद पर आधारित समाज स्वतंत्रता के बाद कैसा होगा? वर्चस्व और वंचित में विभाजित समाज एक साथ कैसे रहेगा? भारत की जनता कैसा आचरण करेगी? डॉ आंबेडकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को लेकर भी आशंकाग्रस्त थे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'यदि पार्टियां अपने मताग्रहों को देश के ऊपर रखेंगी तो हमारी स्वतंत्रता संकट में पड़ जाएगी। संभवतया वह हमेशा के लिए खो जाए। हमें अपने खून की आखिरी बूंद तक अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है।' जाहिर तौर पर भारतीय जनता पार्टी आरएसएस के एजेंडे पर काम करती है। उसके लिए भारत का विचार ही हिंदुत्व है, समावेशी राष्ट्र नहीं। राष्ट्रवाद के नाम पर उसने हिंदुत्व को पोसा और अब खुले तौर पर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मुनादी की जा रही है। भारतीय राष्ट्र के लिए आरएसएस के विचार बेहद खतरनाक थे। आज उससे भी ज्यादा खतरनाक हो रहे हैं।
भारत ने प्रजातंत्र को अपनाया। भारत में प्रजातन्त्र का भविष्य कैसा है? इसकी क्या चुनौतियां हैं? प्रजातांत्रिक प्रणाली में डॉ अंबेडकर को तानाशाही का खतरा महसूस हो रहा था। उनकी आशंका थी कि कोई राजनीतिक दल अगर बड़ा बहुमत हासिल करता है तो यह खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। अपने भाषण में अंबेडकर ने कहा कि 'इस नवजात प्रजातंत्र के लिए यह बिल्कुल संभव है कि वह आवरण प्रजातंत्र का बनाए रखे, परंतु वास्तव में वह तानाशाही हो। चुनाव में महाविजय की स्थिति में दूसरी संभावना के यथार्थ बनने का खतरा अधिक है।' इस लोकसभा चुनाव में खुले तौर पर 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया जा रहा है। 400 सीटें जीतने का एजेंडा भी भाजपा के नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें संविधान बदलने के लिए दो तिहाई से अधिक बहुमत चाहिए। अम्बेडकर को इसकी आशंका थी। वे कहते हैं कि 'प्रजातांत्रिक संविधान का क्या होगा? क्या वह उसे बनाए रखेगा या फिर से खो देगा? मेरे मन में आने वाला यह दूसरा विचार है और यह भी पहले विचार जितना ही चिंताजनक है।'
बाबा साहब की पहली चिंता स्वतंत्रता खो देने की थी। दरअसल, आजादी के बाद पूरे देश में नेहरू की लोकप्रियता सिर चढ़कर बोल रही थी। भारत के कोने-कोने में नेहरू को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती थी। अंबेडकर नेहरू जैसे लोकप्रिय नेता के तानाशाह बनने की आशंका से घिरे हुए थे। जान स्टुअर्ट मिल को उद्धृत करते हुए चेतावनी भरे अंदाज में उन्होंने कहा, 'अपनी स्वतंत्रता को एक महानायक के चरणों में भी समर्पित न करें या उस पर विश्वास करके उसे इतनी शक्तियां प्रदान न कर दें कि वह संस्थाओं को नष्ट करने में समर्थ हो जाए।' पिछले 10 साल में यही हुआ है। कारपोरेट मीडिया और थ्री डी इमेज के जरिए नरेंद्र मोदी की महानायक की छवि गढ़ी गई।

# किसानी का अनोखा म्यूजियम

— बाबा मायाराम

खेती की अलग-अलग पद्धतियों के बारे में जान सकते हैं। हमारे किसानों ने परंपरागत खेती के औजार अपने लंबे अनुभव, कौशल व हुनर से बनाए थे। इससे खेती का इतिहास भी पता चलता है। इसलिए हमें इस श्रम संस्कृति का भी सम्मान करना चाहिए, और जिन्होंने इस संस्कृति को बनाया और आगे बढ़ाया, उन समुदायों के योगदान को भी याद रखा जाना चाहिए।
पिछले कुछ सालों से किसानों का संकट बढ़ रहा है, जिसकी खबरें आती रहती हैं। लेकिन दूसरी तरफ देसी बीजों की खेती की ओर भी रूझान बढ़ रहा है, इसकी चर्चा कम होती है। आज मैं ऐसे ही एक किसान की कहानी बताने जा रहा हूं, जिन्होंने न केवल देसी खेती बल्कि लोक साहित्य व ग्रामीण संस्कृति को बचाने की पहल की है। इस पहल के अगुआ बाबूलाल दाहिया हैं। वे मध्यप्रदेश के सतना जिले में उचहेरा विकासखंड के पिथौराबाद गांव में रहते हैं। उनकी इस पहल के कारण यह साधारण सा गांव चर्चा में आ गया है। साल 2019 में देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया है। लगभग 15 साल पहले मैं घूमते-घामते उनके गांव पहुंचा था और उनसे मुलाकात की थी। उस समय वे आंगन में धान की देसी किस्मों को अलग-अलग छांटने के काम जुटे थे। उनका खपरैल का घर था। गोबर से लिपा-पुता था। सुघड़ता से चीजें रखी थीं। दीवार पर रस्सी से टंगी धान की बालियों के गुच्छे लटक रहे थे। गीली बालियों की खुशबू आ रही थी। महिलाएं हाथ की चक्की में उड़द दाल बना रही थीं। इसके बाद तो मैं उनसे कई बार मिला, कार्यक्रमों में साथ रहा, कुछ प्रांतों की लम्बी यात्राएं भी कीं। लम्बी कद काठी और चिर-परिचित मुस्कान, यही उनकी खास पहचान है। वे गांव में रहते हैं और उसकी संस्कृति में रचे-बसे हैं। उनकी गिनती बघेली के प्रमुख कवियों में होती है। उन्होंने मुझे खेती की कई कहावतें व मुहावरे भी सुनाए। इस पर उनकी किताब 'सयानन के थातीज भी है। बाबूलाल दाहिया, सालों पहले लोकगीत, लोकोक्तियां, मुहावरें और लोक साहित्य का संकलन व सृजन करते थे। इन पर उनकी किताबें भी हैं। लेकिन जब उन्हें यह महसूस हुआ कि अधिकांश लोक साहित्य व मुहावरे लोक अनाजों पर हैं और देसी अनाज लुप्त हो रहे हैं. तो उन्हें बचाने की मुहिम में जुट गए। इसी प्रकार, आज आधुनिक व रासायनिक खेती के दौर में परंपरागत खेती के कई औजार चलन से बाहर हो रहे हैं, जिनसे किसान खेती करते थे, अनाज उगाते थे और वे ग्रामीण संस्कृति के प्रतीक थे। इन कृषि औजारों की किसान त्यौहारों पर पूजा भी करते हैं। इसलिए वह इन कृषि औजारों का संग्रह भी करने लगे, जिससे लोग उनकी परंपरागत संस्कृति को पहचानें, और इसे बचाने की पहल करें। उन्होंने उनके घर के ही अतिरिक्त कमरों में यह संग्रहालय (म्यूजियम) बनाया है। इसमें लकड़ी, लोहे, मिट्टी, बांस, पत्थर, चमड़ा और धातु की कई प्राचीन वस्तुएं रखी हुई हैं। खेत-खलिहान, ग्रामीण जीवन में रोजमर्रा में इस्तेमाल आने वाली सभी चीजें शामिल की गई हैं।

# अक्षय लोकतंत्र का उत्सव है चुनाव

@ राकेश अचल

चुनाव लत्ता-लपेड़ी करने का नहीं बल्कि लोकतंत्र को अक्षय बनाने का उत्सव है, लेकिन दुर्भाग्य कि हमारे नेता इस उत्सव को उत्सव की तरह न मनाकर एक-दूसरे का चीर-हरण करने में लगे हैं। राजनीतिक संवाद इतने निचले स्तर पर आ चुका है कि अब लज्जा आने लगी है। लज्जा आये भी क्यों न ? आखिर हम विश्व गुरु हैं।
बात चुनाव से पहले लोकतंत्र की करें। हमारा लोकतंत्र अक्षय है, ये मानने में पता नहीं क्यों लोगों को शर्म आती है। पता नहीं क्यों लोग लोकतंत्र को लेकर आशंकित है। एक-दूसरे कि सामने नए-नए हौआ खड़े कर रहे हैं। कभी मुसलमानों का हौआ, कभी मंगलसूत्र छीने जाने का हौआ, और तो और अब सैम अंकल कि भाषण का हौआ। सवाल ये है कि क्या सचमुच इन हौओं से हमारा लोक और हमारा लोकतंत्र भयभीत होकर फैसला करने लगेगा।
सत्ता हासिल करने कि लिए सत्तारूढ़ दल लगातार हौओं कि सहारे चुनाव लड़ रही है, जबकि उसे एक दशक तक सत्ता में रहने कि बाद अपनी उपलब्धियों कि आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए था। प्रतिपक्ष ये हौवे खड़े करे तो समझ में आता है, लेकिन यहां तो उलटी गंगा बह रही है। सत्तारूढ़ दल प्रतिदिन एक नया हौआ खोजकर लाता है। मजे की बात ये है कि ये तमाम हौवे ऐसे हैं जो मतदान को प्रभावित करने कि बजाय उलटे पड़ रहे हैं। हंसी तो तब आयी जब माननीय प्रधानमंत्री जी ने राहुल गांधी से सवाल किया कि वे आजकल अडानी-अम्बानी के खिलाफ क्यों नहीं बोल रहे ?




क्या उन्हें टेम्पो में भरकर पैसे दे दिए हैं इन लोगों ने ? माननीय भूल गए की जब राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक अडानी से मिले 20 लाख करोड़ के बारे में सवाल करते थे तब उनकी तारीफ तो किसी ने नहीं की, बल्कि सत्तारूढ़ दल, दल के नेता गुड़ खाकर बैठे रहे थे।
मुझे कभी-कभी ऐसा लगता है कि अब शायद अडानी-अम्बानी ने भी सत्तारूढ़ दल से अपना हाथ खींच लिया है। इन दोनों उद्योग घरानों को भी देश में संभावित परिवर्तन की आहट सुनाई देने लगी है।
अन्यथा इन दोनों ने तो दस साल में खुद के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल को भी मालामाल ही किया था। अडानी-अम्बानी केवल उद्योगपति ही नहीं बल्कि मौसम वैज्ञानिक भी हैं। उन्हें आभास हो जाता है आने वाले दिनों का। वे जानते हैं कि कब अच्छे दिन आएंगे और कब बुरे दिन आएंगे। तदनुसार ही वे अपने रुख तय करते हैं। लोकतंत्र के उत्सव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। यानि आधी से ज्यादा लोकसभा सीटों के लिए जनता मतदान कर चुकी है। अब चौथा चरण 13 मई को है। ये ही सबसे कठिन चरण है। इसमें 96 सीटों के लिए चुनाव होना है। इन 96 सीटों में से आधी तो उस तमिलनाडु और तेलंगाना में हैं जहां पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को तिल रखने के लिए भी जगह नहीं मिली थी।
चुनाव के चौथे चरण से पहले देश अक्षय तृतीया का पर्व मना चुकेगा। संयोग से इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत ही शुभ और दुर्लभ संयोग बना हुआ है। 100 वर्षों बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग का संयोग है। इसके अलावा अक्षय तृतीया पर धन, शुक्रादित्य, रवि, शश और सुकर्मा योग का निर्माण हुआ है। अक्षय जिसका मतलब होता है कि जिसका कभी क्षय न हो। दुर्भाग्य से हम लोकतंत्र को अक्षय मानने के बजाय सोने-चांदी के आभूषण को अक्षय मानते हैं और इस तरह की चीजों की खरीदारी करते हैं लेकिन लोकतंत्र पर ध्यान नहीं देते। अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा उपासना करने से जीवन में सुख-समृद्धि और धन-वैभव की प्राप्ति होती है। शायद ऐसा होता भी हो लेकिन ये तभी मुमकिन है जब कि देश में लोकतांत्र अक्षय हो। अक्षय तृतीया से ही त्रेता और सतयुग का आरंभ हुआ था। मुझे लगता है कि इस साल भी देश में अक्षय लोकतंत्र की बहाली हो सकती है।
लोकतंत्र को बचाने के अभी अवसर हाथ से गए नहीं है। अभी देश की जनता ने कुल 282 लोकसभा सीटों के लिए मतदान किया है। अभी 13 मई से 1 जून तक उसे 260 और सीटों के लिए मतदान करना है। जनता के पास अवसर है कि वो अपनी भूल-चूक को सुधार सकती है। देश की जनता को तय करना है कि वो परिवर्तन चाहती है या भाजपा को 400 पार कराना चाहती है। लोकतंत्र में सही नतीजे हासिल करने कि लिए आवश्यक है कि मतदाता को न तो भ्रमित किया जाये और न उसे कोई हौआ दिखाकर डराया जाये।
हंसी आती है जब चुनाव कि वक्त सरकार हिन्दू-मुसलमान की आबादी कि आंकड़े जनता कि समक्ष परोसती है। ये एक तरह का अपराध है। इससे लोकतंत्र मजबूत नहीं होता। पता नहीं भाजपा क्या चाहती है ? उसका इरादा हिन्दुओं और मुसलमानों कि बीच प्रजनन दर बढ़ाने की प्रतिस्पर्द्धा करने का तो नहीं है ! मुश्किल ये है कि इस तरह की मूर्खताओं को लेकर न हमारी अदालतें बोलतीं हैं और न सामाजिक संगठन। आरएसएस तो इस मुद्दे पर सरकार कि सुर में सुर मिलता दिखाई देता है। जनता ही इन मूर्खताओं कि लिए राजनीतिक दलों को सजा दे सकती है मतदान कि जरिये। हालाँकि मशीनें अभी भी सरकार कि अधीन और स्वामिभक्त बनीं हुईं हैं।

# जमानत से जनमत तक का सफर

@ राकेश अचल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की राजनीति को अक्षय तृतीया के दिन जमानत के रूप में नवजीवन मिल गया। जमानत अंतरिम है और केजरीवाल को 2 जून को दोबारा अदालत के समक्ष समर्पण करना होगा ,लेकिन वे अपनी जमानत की अवधि में अठारहवीं लोकसभा के लिए होने वाले शेष चार चरणों के चुनाव में खुलकर न सिर्फ प्रचार कर पाएंगे बल्कि भाजपा की उन तमाम साजिशों को भी बेनकाब भी कर पाएंगे जो दस साल से विपक्ष के खिलाफ की जा रहीं हैं।
अरविंद केजरीवाल के लिए अच्छा हुआ की वे 50 दिन की जेल यात्रा कर आये। स्वाधीनता से पहले जेल यात्राओं को एक तरह का बलिदान माना जाता था। आजादी के बाद जेल यात्राओं का रंग ही बदल गया। अब नेता भ्ष्टाचार के आरोपों में जेल जाते हैं। जनांदोलनों के चलते जेल जाने वालों की संख्या लगातार घटी है। केजरीवाल हालाँकि आंदोलन की कोख से निकले ही नेता हैं, लेकिन हैं तो पुराने नौकरशाह। इसीलिए वे भाजपा के मोदी और शाह से टक्कर ले पा रहे हैं। उन्हें जेल भी शायद इसीलिए जाना पड़ा लेकिन कानून ने उनकी मदद की और अंततः अंतरिम जमानत दिला दी।
लोकसभा चुनाव के चार चरण अरविंद केजरीवाल के बिना समपन्न हो गए। विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन को केजरीवाल से जो लाभ मिलना चाहिए था, उतना नहीं मिल पाया। लेकिन जमानत पर आने के बाद वे बीस दिन में इतना कुछ काम कर लेंगे की भाजपा सरकार को चुनौती दी जा सके। अरविंद पहले भाजपा की बी टीम समझे जाते थे किन्तु बाद में वे इस छवि से बाहर निकल आये। उन्होंने शराब घोटाले में अपने आपको लपेटे जाने के बाद भाजपा के खिलाफ कमर कस ली थी। केजरीवाल और उनकी पार्टी की हैसियत इस समय कांग्रेस को छोड़ दीगर क्षेत्रीय दलों से कहीं ज्यादा है। उनकी अकेली ऐसी पार्टी है जिसकी एक से अधिक राज्यों में सरकारें हैं। आम आदमी पार्टी को केजरीवाल एंड कम्पनी दिल्ली से बाहर पहले पंजाब तक ले गयी और बाद में




उसने गोवा, गुजरात में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। और अब आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा को अपदस्थ करने के महाअभियान में शामिल है।
आपको पता ही है की भाजपा की इस समय सिट्टी-पिट्टी गुम है। भाजपा अपने घोषणा पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के बजाय उन मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है जो की उसे कॉंग्रेस ने दिए हैं। भाजपा अब मोदी जी के चेहरे और मोदी जी की गारंटियों पर चुनाव नहीं लड़ रही। चुनाव जीतने के लिए भाजपा को हारकर हिन्दू-मुसलमान पर आना पड़ा। मतदाताओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से आतंकित करने के लिए पहले मंगलसूत्र छीने जाने, बाद में विरासत पर कार लगाए जाने और सबसे बाद में अंकल सैम पित्रोदा के निजी बयानों का इस्तेमाल करने पर विवश होना पड़ा। केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद अब भाजपा कौन से हउआ खड़ा करेगी ये कहना कठिन है।
केजरीवाल अपनी अंतरिम जमानत का इस्तेमाल जनमत को आईएनडीआईए के पक्ष में बनाने के लिए कार सकते है। वे मुख्त वक्ता हैं। दिल्ली में उनकी पार्टी की राज्य सरकार है। सबसे बड़ी बात तो ये हैं की वे कंगाल नहीं हैं। पंजाब में भी उनकी सरकार है। दिल्ली की जनता उन्हें पसंद करती है। इसका असर दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों के अलावा दुसरे राज्यों पर भी पडेगा। अब विपक्ष के पास राहुल हैं, अखिलेश भी हैं और केजरीवाल भी। ये तिकड़ी भाजपा का खेल बिगाड़ने के लिए काफी है। भाजपा जितने हौवे मतदाताओं को भयभीत करने के लिए खड़े कर सकती थी, वो कर चुकी। अरविंद को भाजपा हौवे की तरह इस्तेमाल नहीं कर सकती। वे प्रखर वक्ता हैं, नेता है और मोदी से किसी भी मायने में कम नहीं हैं। मोदी जी की घबड़ाहट और केजरीवाल की रण में वापसी के चलते चुनाव के शेष चार चरण और महत्वपूर्ण होने वाले हैं। अभी कोई 260 सीटों के लिए मतदान होना बाकी है। इन सीटों में से अरविंद केजरीवाल कितनी सीटों को प्रभावित कर सकते हैं कहना कठिन है, लेकिन ये लगभग तय है की भाजपा के 370 बनाम 400 पार का लक्ष्य अब भाजपा के लिए आसान नहीं है। केजरीवाल को मिली जमानत इसी तरह के दूसरे मामलों में विचाराधीन कैदी की तरह जेलों में बंद दुसरे जन नेताओं के लिए भी नजीर का काम कर सकती है।
अरविन्द भ्रष्ट हैं या नहीं इसका प्रमाण पत्र तो उन्हें अदालत और जनता की अदालत से मिलेगा, लेकिन वे जन नेता हैं इसका प्रमाण पत्र उन्हें शायद नहीं चाहिए। अब वे मोशा के सिर पर सवार दूसरे राजनीतिक भूत हैं, जो भाजपा की विजय यात्रा पर किसी ग्रहण की तरह लग चुके हैं। 4 जून 2024 तय करेगा कि जनता जीती या हारी ?

# प्रवासी पक्षियों को संरक्षण की जरुरत

- अरविंद जयतिलक
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

आज विश्व प्रवासी पक्षी दिवस है। वर्ष 2006 में विश्व प्रवासी पक्षी दिवस की स्थापना के बाद से यह दिवस वर्ष में दो बार मई और अक्टूबर माह के दूसरे शनिवार को दुनिया भर में मनाया जाता है। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस एक वार्षिक जागरुकता अभियान है जिसका उद्देश्य प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों की संरक्षण की जरुरत पर प्रकाश डालना है। इस आयोजन के तहत प्रवासी पक्षियों उनके पारिस्थितिक महत्व और उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों के प्रति जनमानस को जागरुक किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र की दो संधियों ह्यवन्यजीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर सम्मेलन एवं अफ्रीकन-यूरेशियन वॉटरबर्ड एग्रीमेंट और एक गैर-लाभकारी संगठन एनवॉयरमेंट फॉर द अमेरिका के बीच एक सहयोगात्मक संयुक्त रुप से मनाया जाता है।
भारत प्रवासी पक्षियों मसलन साइबेरियन क्रेन, ग्रेटर फ्लेमिंगो और डेमॉस्सेल क्रेन जैसे पक्षियों के लिए घर जैसा है। ये अति सुंदर व मनमोहन प्रवासी पक्षी हर वर्ष सर्दियों और गर्मी के मौसम में भोजन, प्रजनन और घोंसले के शिकार के लिए भारत आते हैं। पक्षियों के बीच कई अलग-अलग प्रवासन देखने को मिलता है। अधिकांश पक्षी उत्तरी प्रजनन क्षेत्रों से दक्षिणी सर्दियों के मैदानों की ओर रुख करते हैं। हालांकि कुछ पक्षी अफ्रीका के दक्षिणी हिस्सों में प्रजनन करते हैं और सर्दियों में उत्तरी मैदान या क्षैतिज रुप से पलायन करते हैं। भारत कई प्रवासी पक्षियों का अस्थायी निवास स्थान है। भारतीय उपमहाद्वीप प्रमुख पक्षी फ्लाइवे नेटवर्क का भी अहम हिस्सा है। यह मध्य एशियाई फ्लाइवे आर्कटिक और भारतीय महासागरों के मध्य के क्षेत्रों को कवर करता है। सुखद पहलू यह है कि भारत ने मध्य एशियाई फ्लाइवे के तहत प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना शुरू की है। इसलिए कि भारत प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय का एक पक्षकार है।
गौर करें तो सर्दियों के मौसम में तो भारतीय उपमहाद्वीप के विशेष क्षेत्र मसलन झील, आर्द्रभूमि या बैकवाटर प्रवासी पक्षियों का बसेरा बन जाता है। लेकिन चिंता की बात यह है कि भारत में प्रवासी पक्षियों के साथ-साथ अन्य पक्षियों की आबादी तेजी से घट रही है। वर्ष 2020 में संयुक्त राष्ट्र की ह्यस्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में 79 प्रतिशत पक्षियों की तादाद घट गयी है। यह रिपोर्ट इसलिए विश्वसनीय है कि 867 प्रकार के पक्षियों का अध्ययन कर उनके दीर्घावधि (25 साल) और लघु अवधि (5 साल) के आंकड़े जुटाए गए तब इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया। रिपोर्ट के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिन 261 प्रजातियों के दीर्घावधि आंकड़े सामने आए हैं उनमें 52 प्रतिशत की तादाद वर्ष 2000 से लगातार घटी है। इसी तरह जिन 146 प्रजातियों के लघु अवधि के आंकड़ों का विश्लेषण हुआ है उनमें से 80 प्रतिशत की तादाद कम हुई है। यानी गौर करें तो कुलमिलाकर 50 प्रतिशत की संख्या तेजी से गिरी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि तकरीबन 10 प्रतिशत प्रजातियों की स्थिति बेहद चिंताजनक है और इन्हें खास संरक्षण की जरुरत है।
आंकड़ों के मुताबिक तेजी से गिरावट वाले पक्षियों में शिकारी पक्षी व प्रवासी समुद्री पक्षी पिछले दशकों में सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। पर अच्छी बात यह है कि विगत वर्षों से गौरैया की संख्या स्थिर रही है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले ढ़ाई दशकों में गौरैया की संख्या में कोई विशेष कमी नहीं आयी है। हालांकि दिल्ली, मुंबई समेत आधा दर्जन शहरों में इनकी संख्या घटी है। देश में प्रवासी पक्षियों का आना भी कम हो रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में ओखला बर्ड सेंचुरी में प्रवासी पक्षियों का आगमन लगातार कम हो रहा है। पक्षी विज्ञानियों की मानें तो बर्ड सेंचुरी के आसपास बढ़ते वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण की वजह से प्रवासी पक्षी यहां आना पसंद नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा दलदली और जल वाली भूमि का लगातार घटते जाना भी एक प्रमुख कारण है। जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध पश्चिमी घाटों पर वर्ष 2000 से पक्षियों की संख्या में 75 प्रतिशत तक कमी आयी है। याद होगा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने वर्ष 2013 में भारत में देखे जाने वाले पक्षियों की दस प्रजातियों को बेहद गंभीर रुप से संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल किया था। इनमें ग्रेट साइबेरियन क्रेन, गोडावण, सफेद पीठ वाला गिद्ध, लाल-सिर वाला गिद्ध, जंगली उल्लू, स्पून बिल्ड सैंडपाइपर और सफेद पेट वाला बगुला प्रमुख था। इन पक्षियों की आबादी में गिरावट की मुख्य वजहों में आवास का नुकसान, संशोधन, बिखंडन, पर्यावरण प्रदूषण को प्रमुख रुप से जिम्मेदार माना गया। ग्लोबल वार्मिंग ने पक्षियों के अस्तित्व को और भी अधिक संकट में डाल दिया है।
गौरतलब है कि भारत में विभिन्न प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं जिनमें गौरैया, कौआ, तोता, तीतर, चर्खी, शामा, भुजंगा, बया, मुनिया, लाल तूती, गिद्ध, कठफोड़वा, नीलकंठ, बसंता, महोखा, पतरिंगा, हरियल, हुदहुद और बटेर जैसे पक्षी आमजन के बेहद करीब माने जाते हैं। लेकिन इन लोकप्रिय पक्षियों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। पक्षियों के संरक्षणकताओं ने चेतावनी दी है कि दुनिया की सबसे वजनदार पक्षियों में से एक सोन चिरैया की प्रजाति लुप्त होने के कगार पर है। सोन चिरैया लगभग एक मीटर ऊंची होती हैं और इनका वजन 15 किलो होता है। सोन चिरैया को कभी भारत और पाकिस्तान की घास भूमियों पर देखा जाता था लेकिन अब ये एकांत भरे क्षेत्रों में ही देखने को मिलते हैं। पक्षी विज्ञानियों की मानें तो पृथ्वी पर मानव की गतिविधियों और जंगलों के विनाश के कारण पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियां पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं। पक्षी विज्ञानियों का कहना है कि वर्ष 1500 से अब तक तकरीबन पक्षियों की 190 प्रजातियां पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं। बिडंबना है कि विलुप्त होने की दर लगातार बढ़ती जा रही है। पक्षी विज्ञानियों के मुताबिक विश्व भर में तकरीबन 10000 प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इनमें से कुल 1200 प्रजातियां ऐसी हैं जो कि विलुप्त होने के कगार पर हैं। भारत से इतर बात करें तो हवाई द्वीप के लगभग 30 प्रतिशत पक्षियों की प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। इसी तरह गुआम द्वीप पर पक्षियों की 60 प्रतिशत प्रजातियां पिछले तीन दशक के दौरान विलुप्त हुई हैं। पक्षी विज्ञानियों का कहना है कि पक्षियों की विलुप्ती के कई कारण हैं। उनमें उनके आवास का नष्ट होना, पक्षियों के भोजन के स्त्रोत का खत्म होना, प्राकृतिक आपदाएं, मौसम में बदलाव मुख्य कारण हैं। पक्षियों के शिकार और उनके अंडों के इस्तेमाल का कुप्रभाव भी उनकी तादाद पर पड़ता है।

# ईडीसी फार्म का डीएम ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने को चित्रकूट इंटर कॉलेज में हो रही ईवीएम/वीवीपैट कमिशिनंग व ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट फॉर्म 13 ख) का जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने निरीक्षण किया। विधानसभा कर्वी 236 व मऊ/मानिकपुर 237 के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देश दिये कि कोई भी स्टाफ मोबाइल लेकर अंदर न जाये।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मोबाइल एक बॉक्स में सुरक्षित जमा करायें। ईवीएम मशीन की जांच करायें कि मैच करती है या नहीं। कमिशिनंग में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। दोनों विधानसभाओं में लाक बुक मेंटेन कर संबंधित के हस्ताक्षर करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि ईडीसी के जो फार्म मिल रहे हैं, उसे प्राप्त करते रहें। उन्होंने कहा कि दोनों विधानसभाओं को अलग-अलग हिस्सों में बांटे। कोई भी सामान इधर से उधर न जाने पाये। निर्देश दिये कि सभी लोग अपना-अपना आईकार्ड लगाये रहें।

जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा रूम का निरीक्षण किया। निर्देश दिये कि सीसीटीवी कैमरा लगातार चलना चाहिए। जिलाधिकारी ने विधानसभा 236 चित्रकूट व विधानसभा 237 में ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट फॉर्म 13 ख) का निरीक्षण किया। ईडीसी ऐसे मतदाता हैं, जो जिले के निवासी हैं। लोकसभा में मतदाता है। उन्हें ईडीसी की सुविधा प्राप्त है। वह फॉर्म 12 क ईपिक, फोटोकॉपी तथा इलेक्शन ड्यूटी की फोटोकॉपी लगाकर जमाकर ईडीसी फॉर्म 13 ख प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कमिशिनंग प्रभारी व चुनाव ड्यूटी में लगे प्रभारी को निर्देश दिये कि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जो प्रशिक्षण व कमिशिनंग हो रही है, वह मनोयोग से करें। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एडीएम नमामिगंगे श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा समेत प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।



ईडीसी फार्म का निरीक्षण करते डीएम आदि।

# विभिन्न वाहनों पर लगाया 244100 का जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सीओ सिटी/यातायात राजकमल की अगुवाई में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने यातायात जागरुकता अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लघंन कर यात्रा करने वाले 97 दोपहिया/चारपहिया/ई- रिक्शा/आटो टैक्सी/टैम्पो आदि पर 244100 रुपये का जुर्माना लगाया।

शुक्रवार को देर रात प्रभारी यातायात ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कहा कि सड़क पर यात्रा करते समय दोपहिया पर हेलमेट, चारपहिया में सीट बेल्ट आदि का प्रयोग करें। पुलिस सुरक्षा को तैनात है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसीलिए सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया कि यातायात नियमों का पालन करें। पालन न करने वाले वाहनों का चालान कर 244100 रुपये जुर्माना लगाया।



वाहनों की जांच करते यातायात प्रभारी।

# चित्रकूट डिफेंस कॉरिडोर को मिली हरी झंडी

## 400 करोड हुए मंजूर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी डिफेंस कॉरीडोर परियोजना को अब पर्यावरण मंत्रालय से हरी झंडी मिल गई है। अब जिले में भूमि अधिग्रहण के काम में तेजी आएगी। अधिकारिक तौर पर छह गांव व पुरवा की 85 फीसदी जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। इसके निर्माण के रास्ते खुल गये हैं। क्षेत्र में विकास के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल डिफेंस कॉरीडोर परियोजना चित्रकूट समेत बांदा, हमीरपुर, जालौन, ललितपुर, महोबा व झांसी शामिल है। चित्रकूट के पहाड़ी ब्लाक के बक्टा बुजुर्ग, पथरा, प्रसिद्धपुर, महराजपुर, पहाड़ी, लोहदा व कौडर का पुरवा के क्षेत्र चुने गये हैं। चार सौ करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। 100.111 हेक्टयर भूमि ली जानी है। सरकारी आंकडों के मुताबिक 0.658 हेक्टयर भूमि अधिग्रहण कार्य बाकी है। कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि उपजाऊ भूमि ली जा रही है। कुछ ने कहा कि उन्हें उपजाऊ भूमि का मुआवजा बंजर भूमि के बराबर मिल रहा है। यूपीडा के निर्देशों अनुसार डिफेंस कॉरीडोर का निर्माण कार्य जल्द शुरु होगा। औद्यौगिक विकास मंत्री ने झांसी, चित्रकूट, अलीगढ़ व आगरा डिफेंस कॉरीडोर में विकास को 450 करोड़ के प्रस्ताव की मंजूरी दी है।

चित्रकूट के लिए 100 करोड़ रुपये प्रस्तावित कार्य स्थल पर पाइप लाइन बिछाने व अग्निशमन सर्विसेस के कार्य को दिये गये हैं। डीएम अभिषेक आनंद ने बताया कि भूमि अधिग्रहण का काम तेजी से जारी है। शासन के नियमों के मुताबिक भुगतान किया जा रहा है। डिफेंस कॉरीडोर में सभी तरह के कैलिबर वाले किसी भी युद्ध में प्रयोग होने वाले हथियार बनेंगे। चित्रकूट में निर्माण होने से लगभग पांच हजार लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। अन्य लोगों समेत पूरे जिले को लाभ मिलेगा।

# भारतीय ज्ञान परम्परा है अनमोल धरोहरः प्रो हरिकेश सिंह

## भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक गोष्ठी सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने बताया कि इग्नू ने दस मई को वेबिनार किया था। भारतीय ज्ञान परंपरा को अनमोल धरोहर बताया था। पूर्वजों की संवेदनशीलता, समृद्धि व ज्ञान से धरोहर जोड़ती है। विश्व की सबसे प्राचीन व उन्नत संस्कृतियों में से एक है। समय के साथ निरंतर विकास किया।

ये विचार जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा बिहार के पूर्व कुलपति प्रो हरिकेश सिंह ने व्यक्त किया। इग्नू अध्ययन केन्द्र जयनारायण पीजी कालेज लखनऊ व इग्नू अध्ययन केन्द्र स्वामी शुकदेवानन्द कालेज शाहजहांपुर के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक वेबिनार में श्रोताओं से कह रहे थे। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की डॉ मनोरमा सिंह, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्रा, एडिशनल डायरेक्टर डॉ रीना कुमारी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ निशिथ नागर, सहायक कुलसचिव एवं इग्नू अध्ययन केंद्रों के समन्वयक डॉ पर्वत सिंह, डॉ योगेश पांडेय, डॉ हिमांशु शेखर सिंह, डॉ नीलांशु अग्रवाल, डॉ. विवेक सिंह, डॉ प्रभात शुक्ला की मौजूदगी में वेबिनार में दो सौ विद्यार्थियों व शिक्षकों ने हिस्सा लिया। बतौर मुख्य वक्ता प्रो हरिकेश ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार प्राचीन समय से ही वेदों, उपनिषदों व पुराणों में था। वेदों में ग्रंथों के आधार वाले ऋषियों की धारणा, तत्वज्ञान, ध्यान व आध्यात्मिक ज्ञान की अद्वितीय प्रवृत्ति दर्शाते हैं। उपनिषदों ने मनुष्य की असीम शक्तियों व आत्मा के गहरे पहलुओं को छूने का प्रयास किया। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक कार्यक्रम की संरक्षक डॉ मनोरमा सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन से प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के ज्ञान के विकास के इतिहास का ज्ञान मिलता है। इग्नू अध्यायन केन्द्र शाहजहांपुर के समन्वयक डा प्रभात शुक्ला ने कहा कि भारत में ज्ञान की अनवरत परम्परा रही है। शिक्षा को जीवन का अनिवार्य अंग माना जाता रहा है। इग्नू अध्ययन केन्द्र श्री जयनारायण पीजी कालेज लखनऊ के समन्वयक डॉ विवेक सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में भी भारतीय ज्ञान परंपरा का अत्यधिक महत्व है। वेबिनार संयोजन एवं संचालन इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ रीना कुमारी ने किया। अंत में सभी का आधार एडिशनल डायरेक्टर डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने व्यक्त किया। श्रोताओं की भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक जिज्ञासाओं का समाधान भी मुख्य वक्ता प्रो हरिकेश सिंह ने किया।



बोलते पूर्व कुलपति प्रो हरिकेश सिंह।

# भाजपा के माहौल में आंशिक सुधार- दिल्ली अभी दूर

## भाजपा अध्यक्ष की जनसभा पर त्वरित टिप्पणी, तीन तिलंगे कर रहे प्रचार, नहीं हो रहा सुधार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को जिताने को नौ मई को बेडीपुलिया में जनसभा की थी। ये जनसभा पटेल को प्रत्याशित लाभ नहीं पहुंचा सकी। इस जनसभा से संसदीय क्षेत्र में वह संदेश नहीं गया कि लोग भाजपा के पक्ष में तेजी से लामबन्द हो सकें। चर्चा है कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अतर्रा में जनसभा कराई जा रही है। योगी की जनसभा से भाजपा प्रत्याशी को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा।

यूं तो भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को टिकट मिलते ही लोकसभा क्षेत्र में एक वर्ग विशेष ने विरोध जताना शुरु कर दिया था। उनके पक्ष में वह माहौल नहीं बन सका कि वे भारी मतों से चुनाव जीत सकें। भाजपा के कोर वोटर वर्ग विशेष में वह उत्साह भी नजर नहीं आ रहा, जो 2014 व 2019 में दिखता था। वैसे भी इस बार का लोकसभा चुनाव उत्साह विहीन दिख रहा है। लोग पहले की तरह चाय-पान की दुकानों में चुनावी चर्चा करते नहीं दिख रहे। आम जनता चुनावी चर्चाओं से कट रही है। कोई चर्चा शुरु भी करता है तो लोग उठकर चल देने में भलाई समझ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के सांसद बनने की राह में कुछ लोग दिन-प्रतिदिन कांटे बिछाते जा रहे हैं। इन कांटों को फूल बनाने को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता व ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। इनके प्रयास कितने सार्थक होंगे, ये भविष्य के गर्भ में है। भितरघात भाजपा प्रत्याशी को दिन-प्रतिदिन साल रहा है, उन्हें भी सम्भवतः इस बात का एहसास हो रहा होगा- दिल्ली खासी दूर नजर आ रही है।

इसी बात को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अतर्रा में जनसभा प्रस्तावित है। अतर्रा की जनसभा से चुनाव में लोगों के लामबन्द होने की तेजी से चर्चा चल रही है। भाजपाइयों को भरोसा है कि योगी की जनसभा के बाद चुनाव में अप्रत्याशित तेजी आयेगी। योगी की सभा के बाद ज्यादातर लोग भाजपा के प्रति आकर्षित होंगे। वैसे भी यूट्यूब व सोशल मीडिया लगातार भाजपा की कमियों को उजागर कर रहा है। इसका खासा प्रभाव पडता दिख रहा है। इनमें खासतौर पर जो तीन चरणों के मतदान हुए हैं- उनमें इंडिया गठबंधन को बढत मिलने की खबरें लगातार भाजपाइयों के लिए कांटे बिछाती नजर आ रही हैं। अब देखना है कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में क्या गुल खिलाती है। न मांझी न रहबर, न हक में हवायें हैं- कश्ती भी जर्जर, ये कैसा सफर है, बुलंदी देर तक किस शख्स के हिस्से में रहती है, बहुत ऊंची इमारत हर घडी खतरे में रहती है- बस बात यहीं पर खत्म।

# साइबर अपराधों से बचाव के सीओ सिटी ने बताये उपाय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सीओ सिटी राजकमल ने जेएम सिंह बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में साइबर अपराध के प्रति जागरुकता पाठशाला लगाई। पाठशाला में छात्र/छात्राओं को विस्तार से साइबर अपराधों की जानकारी दी। सभी को बताया कि साइबर अपराधी आये दिन ठगी के नये-नये तरीके अख्तियार कर रहे हैं।



साइबर पाठशाला में बोलते सीओ सिटी।

शनिवार को सीओ सिटी राजकमल ने पाठशाला में छात्र-छात्राओं से कहा कि सोशल मीडिया या इन्टरनेट बैंकिग के प्रयोग में सतर्क रहें। साइबर सेल के सिपाही प्रशांत कुमार ने साइबर अपराध से बचने व रोकथाम के उपाय बताये। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर साइबर अपराध से बचने को जागरूक किया।

# बच्चों के विविध कलाओं प्रदर्शन के साथ हुआ व्यक्तित्व विकास शिविर

## 112 गांव के 250 बच्चे हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान ने 24 साल से चित्रकूट में प्रतिवर्ष हो रहे व्यक्तित्व विकास शिविरों से ग्रामीण अंचल के बालक-बालिकाओं में मानवीय, सामाजिक व वैज्ञानिक गुण विकसित कर प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रहे हैं। शनिवार को बच्चों के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से गुरुकुल संकुल में 30 अप्रैल से 11 मई तक व्यक्तित्व विकास शिविर लगाया।

शिविर में उप्र-मप्र के छह जिलों व चित्रकूट की 50 किमी परिधि के 112 गांवों के 250 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। संगीत, गायन, वादन, नृत्य, डम्बल, लेजिम, चित्रकला, कम्प्यूटर, घोष आदि का प्रशिक्षण लिया। शिविर समापन शनिवार को दीनदयाल परिसर के विवेकानन्द सभागार में बच्चों की कलाओं के प्रदर्शन के साथ हुआ। शिविर में कक्षा पांच से नौ तक के 10 से 15 वर्ष के बच्चे सहभागी रहे। प्रशिक्षक राधेश्याम बाघमारे की अगुवाई में आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया।



शिविर में योगाभ्यास करते छात्र।

गीत की धुन पर योगचाप का प्रदर्शन हुआ। मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गणेश वंदना हुई। समापन में भारत की विविधताओं एकात्म संस्कृति का दर्शन जनसमुदाय ने किया। शिविर अधिकारी देवदत्त तिवारी ने कहा कि शिविर में शारीरिक एवं बौद्धिक के साथ अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण हुआ।

दीनदयाल शोध संस्थान संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि अपने अंदर विद्यमान क्षमताओं का आंकलन कर आत्मविश्वास जागृत करिये। नेतृत्व की क्षमता विकसित करें। डीआरआई प्रबंध समिति के सदस्य डॉ ओमशंकर त्रिपाठी ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। इससे व्यक्तित्व में बदलाव आते रहते हैं।

## दो के कब्जे से 34 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 34 लीटर महुआ शराब बरामद की है। शनिवार को बहिलपुरवा थाने के दरोगा यूटी अनुभव वर्मा ने मिथलेश पटेल पुत्र छोटेलाल मड़ैयन के कब्जे से 14 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने रामबाबू निषाद पुत्र स्व सुकरू रायपुर के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

## एसपी के निर्देश पर तीन पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने देवशरण पुत्र रामखेलावन दरसेडा, विपुल मिश्रा पुत्र सुदामा अरछा बरेठी पर मिनी गुण्डा एक्ट लगाया है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने विपिन कुमार पुत्र बृजेश नामदेव सेमरदहा पर मिनी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## अवैध बालू खनन माफियाओं ने युवक को किया अधमरा, थाने में पीडित ने दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** सरधुवा थाने के नहरा गांव के अखिलेश कुमार उपाध्याय पुत्र राधेकृष्ण उपाध्याय ने थाने में दी तहरीर में कहा कि शनिवार की शाम साढे पांच बजे कलवाराखुर्द उमरिहा घाट में ट्रैक्टर से अवैध बालू विनोद यादव निवासी कलवारा बुजुर्ग रामधनी का पुरवा लोड रहा था। शनिवार को अखिलेश उपाध्याय ने थाने में दी तहरीर में बताया कि टैट्रक्टर तिलक द्विवेदी पुत्र सुरेश अवैध बालू लोड करने पर पूंछने पर तिलक द्विवेदी, जयप्रकाश, सुशील, सुधीर व सुरेश निवासी रामपुर ने पीछे से आकर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। माला व मोबाइल तोड दिया। मार-मारकर बेहोश कर दिया। सभी लोगों ने बालू भरा टैट्रक्टर उसके ऊपर चढाने का प्रयास किया। इसी बीच भानपुर प्रधान सहित तमाम लोगों ने आकर उसकी जान बचाई। सभी हमलावर बालू भरा टैट्रक्टर लेकर अपनी बुलेरो से गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। घटना का वीडियो है। पीडित ने घटना की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# जांच टीमों को डीएम ने दिये कडे निर्देश

## अन्य जिलों में पैसा-शराब हो रहा सीज, यहां कुछ नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने को गठित उड़न दस्ता, स्थैतिक जांच दल टीमों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मौजूद मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि सभी संसाधन हैं, अभी तक कुछ सीज नहीं किया। बांदा का उदाहरण देते हुए कहा कि तीन करोड़ सीज हुए हैं। यहां कुछ नहीं हुआ, प्रगति करायें।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रेक्षक भी आई थी। आप लोग कहीं नहीं दिखे। ग्रुप में फोटो डाल देते हैं, कोई गाड़ी नहीं मिलती। लगभग डेढ़ महीने हो गए हैं, कुछ भी सीज नहीं हुआ। यहां पर माइन्स का स्कोप है। मेहनत करें, केवल ड्यूटी न करें। बैरियर से हटकर जांच करें। निर्वाचन आयोग के कडे आदेश हैं कि कोई कैश, सोना, शराब आदि लेकर जा रहा है, उसे सीज किया जाए। वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश दिये कि सभी सक्रियता से कितनी रोज गाड़ियां चेक कर रहे हैं, इसकी रिपोर्ट शिफ्ट के अंत में लें। पुलिस सभी जगह लगी है, जो पुलिस का काम ही मुखबिर है तो कोई कैसे नहीं मिल रहा। लगकर जांच करें और सीज करें। नौ दिन बचे हैं, कोई शराब बांटेगा, कोई पैसा बांटेगा, खास नजर रखें।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि लोगों के पास इतना मैन पावर है और रिजल्ट शून्य है, मेहनत करे। आठ घंटे की ड्यूटी लगी है। इसमें ईमानदारी से कार्य करें। शिफ्ट में महिला पुलिस कर्मियों की भी डयूटी लगेगी। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह समेत संबंधित एफएसटी/एसएसटी के मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# छापेमारी कर पुलिस ने चार जुआरी दबोचे

## 17 हजार रुपये-मोटरबाइक बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा दिनेशचन्द्र पाण्डेय की टीम ने कलवारा पुरवा मजरा भौंरी में छापेमारी कर चार जुआरियों को दबोचा है।

शनिवार को रैपुरा थाने के दरोगा की टीम ने छापेमारी कर जुआरी रामदीन पुत्र रामेश्वर गुप्ता गायत्री नगर बांदा, शुभम श्रीवास्तव उर्फ कृष्णकान्त पुत्र रामकुमार पुरानी बाजार धुस मैदान कर्वी, मुकेश सोनी पुत्र बोधनराम सोनी सोनारन पुरवा शिवरामपुर व चन्द्रिका मिश्रा पुत्र शिवऔतार मिश्रा बस स्टैण्ड रामनगर को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 10500 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 6500 रुपये व एक मोटरबाइक बरामद की है। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा दिनेशचन्द्र पाण्डेय, दरोगा यूटी नीतीश यादव, दीवान राजकुमार, दीवान आशाराम, सिपाही अंकित शुक्ला, अश्विनी कुमार व अजीत यादव शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में जुआरी व बरामद समान।

# विदेश संदेश

# पाकिस्तान ने IMF से मांगा और कर्जा तो अधिकारियों की टीम पहुंची इस्लामाबाद, कहा... -






**इस्लामाबादः** पाकिस्तान को बड़ी ऋण-भुगतान चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और नकदी संकट से जूझ रहे देश की वैश्विक ऋणदाता को चुकाने की क्षमता पर गंभीर संदेह व्यक्त किया गया है. यह बात शनिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में आईएमएफ के हवाले से कही गई. पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के बारे में वाशिंगटन स्थित बैंक का आकलन तब आया, जब इस्लामाबाद द्वारा विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत नए बेलआउट पैकेज का अनुरोध करने के बाद आईएमएफ सहायता टीम यहां अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए शुक्रवार को देश पहुंची.

जियो न्यूज ने पाकिस्तान पर इस महीने की शुरूआत में जारी अपनी स्टाफ रिपोर्ट में वाशिंगटन स्थित ऋणदाता के हवाले से कहा कि फंड चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता महत्वपूर्ण जोखिमों के अधीन है और नीति कार्यान्वयन और समय पर बाहरी वित्तपोषण पर गंभीर रूप से निर्भर है.

रिपोर्ट में कहा गया कि 'सुधारों को देरी से अपनाने से असाधारण रूप से उच्च जोखिम, उच्च सार्वजनिक ऋण और सकल वित्तपोषण आवश्यकताएं, कम सकल भंडार और स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) की शुद्ध एफएक्स व्युत्पन्न स्थिति, प्रवाह में गिरावट और सामाजिक-राजनीतिक कारक नीति कार्यान्वयन को खतरे में डाल सकते हैं और पुनर्भुगतान क्षमता और ऋण स्थिरता को नष्ट कर सकते हैं.' इसमें आगे कहा गया कि पाकिस्तान की फंड चुकाने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए बाहरी व्यवहार्यता बहाल करना महत्वपूर्ण है, और यह मजबूत नीति कार्यान्वयन पर निर्भर करता है, जिसमें बाहरी संपत्ति संचय और विनिमय दर लचीलापन शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। इसमें कहा गया है कि भू-राजनीतिक अस्थिरता जोखिम का एक अतिरिक्त स्रोत है, भले ही पिछली समीक्षा के बाद से वैश्विक वित्तीय स्थितियों को लेकर अनिश्चितता में कुछ हद तक गिरावट आई है. वैश्विक ऋणदाता ने कहा कि देश को अगले पांच वर्षों के दौरान 123 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल वित्तपोषण की आवश्यकता है। साथ ही आईएमएफ ने कहा कि पाकिस्तान को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 2025-26 में 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मांग करने की उम्मीद है. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि संकटग्रस्त देश को 2026-27 में 22 बिलियन अमेरिकी डॉलर, 2027-28 में 29 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 2028-29 में 28 बिलियन अमेरिकी डॉलर की उम्मीद है.

मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वैश्विक ऋणदाता की एक सहायता टीम देश की वित्तीय टीम के साथ अगले दीर्घकालिक ऋण कार्यक्रम के पहले चरण पर चर्चा करेगी. सूत्रों ने कहा कि अग्रिम दल बातचीत के लिए पाकिस्तान पहुंच चुका है, जबकि आईएमएफ मिशन 16 मई को पहुंचेगा. टीम विभिन्न विभागों से डेटा प्राप्त करेगी और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2025 के आगामी बजट पर चर्चा करेगी.

सूत्रों ने यह भी बताया कि टीम 10 दिनों से अधिक समय तक पाकिस्तान में रहेगी. पाकिस्तान ने जलवायु वित्तपोषण के माध्यम से वृद्धि की संभावना के साथ ईईएफ के तहत तीन वर्षों के लिए 6 और 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अगले बेलआउट पैकेज की मांग की. आईएमएफ के एक बयान में पहले कहा गया था कि अब सुधारों में तेजी लाना कार्यक्रम के आकार से अधिक महत्वपूर्ण है, जो सुधार और भुगतान संतुलन आवश्यकताओं के पैकेज द्वारा निर्देशित होगा.

इस बीच, पाकिस्तान ने अपने बाहरी वित्तपोषण में 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के भारी अंतर को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में चीन जैसे प्रमुख सहयोगियों से लगभग 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण लेने का फैसला किया है, क्योंकि संघीय सरकार का लक्ष्य आईएमएफ टीम के देश में अपेक्षित आगमन से पहले बजट लक्ष्य हासिल करना है।

# भारत ने मालदीव से सारे सैनिक वापस बुलाए, 10 मई तक की थी डेडलाइन



**माले :** राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने कहा है कि मालदीव में तैनात भारतीय सैन्यकर्मियों के आखिरी जत्थे को स्वदेश वापस भेज दिया गया है. यह द्वीपसमूह देश से उनकी पूर्ण वापसी के लिए उनके द्वारा निर्धारित 10 मई की समय सीमा से एक दिन पहले है. मालदीव में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों की स्वदेश वापसी पिछले साल अपने राष्ट्रपति अभियान के दौरान मुइज्जू की एक प्रमुख प्रतिज्ञा थी।

भारतीय सैन्य कर्मियों का पहला जत्था मार्च की शुरूआत में मालदीव से वापस ले लिया गया था, इसके बाद अप्रैल में दूसरा जत्था रवाना हुआ, जिसमें कुल 51 सैनिक थे. यहां मीडिया ने बताया, हालांकि सभी भारतीय सैन्यकर्मी देश से वापस चले गए हैं, माले ने अंतिम गिनती नहीं दी है।

राष्ट्रपति कार्यालय की मुख्य प्रवक्ता हीना वलीद ने गुरुवार को समाचार पोर्टल को बताया कि मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों के आखिरी बैच को वापस भेज दिया गया है.

भारतीय सैन्यकर्मी भारत द्वारा पहले उपहार में दिए गए दो हेलीकॉप्टरों और डोर्नियर विमानों के संचालन और रखरखाव के लिए मालदीव में तैनात थे. सरकारी पीएसएम न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, यहां अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचे के रखरखाव, भारतीय प्रशासन द्वारा मालदीव को उदारतापूर्वक उपलब्ध कराए गए हेलीकॉप्टरों और अन्य संसाधनों का लाभ उठाने में योगदान दिया.

सोमवार को मालदीव सरकार ने घोषणा की कि इनमें से 51 सैनिकों को दो बैचों में भारत वापस भेज दिया गया है. सरकार ने पहले आधिकारिक दस्तावेजों का हवाला देते हुए मालदीव में 89 भारतीय सैनिकों की मौजूदगी की घोषणा की थी. भारत-मालदीव उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की चार दौर की बैठकों के बाद भारत और मालदीव 10 मई से पहले शेष भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने पर सहमत हुए थे. आखिरी बैठक 3 मई को नई दिल्ली में हुई थी।

# भारत ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनाने संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में दिया वोट

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्या बनाने संबंध प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें कहा गया है कि फलस्तीन इस वैश्विक संस्था का पूर्ण सदस्य बनने के योग्य है और उसे सदस्यता दी जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा के विशेष सत्र की सुबह आपातकालीन बैठक हुई, जहां मई महीने के लिए महासभा के अध्यक्ष संयुक्त अरब अमीरात ने वैश्विक संस्था में फलस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह का प्रस्ताव ह्यसंयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेशह्न प्रस्तुत किया। भारत समेत 143 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, विरोध में नौ वोट पड़े जबकि 25 सदस्य अनुपस्थित रहे।

प्रस्ताव में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 4 के अनुसार फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के लिए योग्य है और इसलिए उसे सदस्यता दी जानी चाहिए।

# इजराइल सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच रफाह के बाहर संघर्ष जारी

**यरुशलम।** मिस्त्र की सीमा पर स्थित रफाह शहर पर इजराइली सेना के बड़े हमले और भारी हिंसा की आशंका से अमेरिका सहित पूरा विश्व इस हमले के खिलाफ नजर आ रहा है। हालांकि रफाह के बाहरी इलाके में इजराइली सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई जारी है। इस संघर्ष में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए हैं। इस बीच लगभग 1,10,000 लोगों के रफाह छोड़कर खान यूनिस के नजदीक सुरक्षित स्थान पर जाने की सूचना है। संयुक्त राष्ट्र ने रफाह में इजराइली कार्रवाई से भारी खून खराबे की आशंका जताते हुए गंभीर चिंता जताई है। इजराइल की युद्ध संबंधी निर्णय लेने वाली कैबिनेट ने रफाह में सैन्य कार्रवाई को बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव पारित कर दिया है। सोमवार से रफाह के पूर्वी भाग में इजराइली सेना की कार्रवाई चल रही थी। अब माना जा रहा है कि इजराइली सेना किसी भी समय बड़ा हमला बोलकर रफाह शहर में घुस सकती है। इस दौरान हमास और इस्लामिक जिहाद ग्रुप के लड़ाकों से उसका टकराव हो सकता है। इस टकराव में बड़ी संख्या में निर्दोष फलस्तीनी मारे जा सकते हैं। इस समय करीब 13 लाख बेघर फलस्तीनी रफाह में शरण लिए हुए हैं। भारी खूनखराबे की आशंका से अमेरिका सहित दुनिया के लगभग सभी देश रफाह में इजराइल की कार्रवाई के खिलाफ हैं लेकिन इजराइल बिना किसी के समर्थन के अकेले ही लड़ने को तैयार है। इस बीच इजराइली सेना ने रफाह क्रॉसिंग पर खाद्य पदार्थों से लदे ट्रक रोक दिए। रफाह पर कार्रवाई से पहले राहत सामग्री लेकर जा रहे इन ट्रकों को रोका गया है। इसके कारण गाजा में लोगों के भूखमरी का खतरा पैदा हो गया है। साथ ही इन ट्रकों में लदा सामान भी खराब हो रहा है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र आमसभा अब फलस्तीन को नए अधिकार और सुविधाएं देने पर विचार करेगी। साथ ही सुरक्षा परिषद से अनुरोध करेगी कि वह फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 194 वें सदस्य के रूप में मान्यता दे।

# कांगो में शिविरों में हुए बम विस्फोटों के मामले में मृतकों की संख्या बढ़कर 35 हुई

गोमाः पूर्वी कांगो में पिछले हफ्ते विस्थापित लोगों के दो शिविरों पर हुए बम विस्फोटों में मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर कम से कम 35 हो गई, जबकि दो की हालत बेहद गंभीर है. एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी. उत्तरी किवु राज्य की प्रांतीय राजधानी में हमले हुए थे. गोमा का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सांसद रिक बवानापुवा ने शुक्रवार को मृतकों के बारे में लेटेस्ट जानकारी दी। कांगो की सेना और एम-23 नामक एक विद्रोही समूह ने पूर्वी कांगो में मुगुंगा और लैक वर्ट विस्थापन शिविरों पर बमबारी के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया है. अमेरिकी विदेश विभाग ने एम-23 (ट23) और पड़ोसी रवांडा की सेना पर आरोप लगाया. सशस्त्र समूह एम23 मार्च 23 आंदोलन का संक्षिप्त रूप है. ये मुख्य रूप से तुत्सी जाती के लोगों से बना है. यह 12 साल पहले कांगो सेना से अलग हो गए थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# नेपाल : सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच तय करेगी तीन प्रदेश सरकारों का भविष्य

**काठमांडू।** नेपाल की तीन प्रदेश सरकारों के भविष्य का फैसला सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच करेगी। कोर्ट की अलग अलग बेंच में सुनवाई के बाद इन सभी मसलों को संवैधानिक बेंच में भेजने का फैसला किया गया है। कोशी प्रदेश में दो मुख्यमंत्रियों में से किसे आधिकारिकता प्रदान करने, गण्डकी प्रदेश में बहुमत साबित करने के दौरान स्पीकर द्वारा सरकार के पक्ष में वोट कर बहुमत की संख्या पहुंचाए जाने और सुदूर पश्चिम प्रदेश में मुख्यमंत्री की नियुक्ति में राज्यपाल की भूमिका को लेकर अब संवैधानिक बेंच फैसला करेगी। इन तीनों मुकदमों की सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों ने बताया कि चूंकि ये सभी मसला संविधान की व्याख्या से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी सुनवाई संवैधानिक बेंच में ही की जाएगी। कोशी प्रदेश में राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री को बिना हटाए नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति के खिलाफ मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश हरि फूयाल ने कहा कि संविधान की जिन धाराओं का प्रयोग कर प्रदेश प्रमुख यानि राज्यपाल ने नए मुख्यमंत्री का शपथग्रहण करवाया है और जिन धाराओं का प्रयोग कर वर्तमान मुख्यमंत्री अपना दावा पेश कर रहे हैं, उन दोनों धाराओं की व्याख्या संवैधानिक बेंच से ही हो सकती है। चूंकि दोनों पक्ष अलग अलग धाराओं में अपनी दावेदारी कर रहे हैं और उन धाराओं के तहत दोनों ही सही है लेकिन संविधान बनाते समय इस तरह की परिस्थिति आने की कल्पना नहीं की गई थी। अब संविधान की दोनों ही धारा एक दूसरे से बाधित कर रही हैं। ऐसे में इसकी व्याख्या संवैधानिक बेंच द्वारा की जाएगी। गण्डकी प्रदेश में बहुमत के दौरान सदन के स्पीकर द्वारा ही सरकार के पक्ष में मतदान कर बहुमत पहुंचाने के खिलाफ नेपाली कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। इसमें स्पीकर द्वारा मतदान किए जाने को अमान्य ठहराने की मांग की गई है। चूंकि इसी तरह के प्रकरण में पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने कोशी प्रदेश में दो सरकारों को इसलिए बर्खास्त कर दिया था, क्योंकि वहां भी बहुमत पहुंचाने के लिए स्पीकर के मत का इस्तेमाल किया गया था। कांग्रेस पार्टी की मांग है कि गण्डकी प्रदेश में जिस तरह से सरकार बनाने के लिए किए गए दावे में पहले स्पीकर पद का दुरुपयोग करते हुए उनका भी हस्ताक्षर दिखाया गया और बाद में बहुमत साबित करने के दौरान स्पीकर का भी एक वोट लेकर बहुमत साबित किया गया, ये दोनों ही गलत हैं और सुप्रीम कोर्ट के पिछले आदेश के खिलाफ है। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सपना प्रधान मल्ल ने कहा कि उस समय कोर्ट ने किन परिस्थितियों में स्पीकर को मत देने से वंचित किया था, यह नहीं मालूम लेकिन जिस तरह से सदन में पक्ष विपक्ष का वोट बराबर होने पर स्पीकर का वोट मान्य होगा कि नहीं, इसको लेकर संविधान में स्पष्ट व्याख्या नहीं है। इसलिए इस मामले को संवैधानिक बेंच में भेजा जाए ताकि संविधान में जिन प्रावधानों का उल्लेख नहीं है, उसकी व्याख्या हो सके। इसी तरह सुदूर पश्चिम प्रदेश में मुख्यमंत्री की नियुक्ति के दौरान प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सरकार बनाने का आह्वान किए जाने के बाद जिस व्यक्ति ने पहले दावा किया था, उसको मान्यता नहीं देते हुए फिर से सरकार बनाने का आह्वान कर सत्तारूढ़ गठबन्धन के पक्ष में काम करने का आरोप लगाते हुए इस प्रक्रिया को खारिज कर पहले दावा करने वाले व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त करने की मांग की गई है। साथ ही अदालत में यह भी कहा गया है कि एक ही पार्टी के संसदीय दल के नेता का निर्णय माना जाए या पार्टी के अध्यक्ष का। इसी तरह वहां पर इस बात को लेकर भी मुकदमा चल रहा है कि पार्टी व्हिप जारी करने का अधिकार विधायक दल के प्रमुख सचेतक को है या पार्टी अध्यक्ष को? इस पर भी सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आनन्द मोहन भट्टराई ने कहा कि प्रदेश प्रमुख के अधिकार को लेकर संविधान की व्याख्या की आवश्यकता है, इसलिए इस मामले को भी संवैधानिक बेंच में भेजा जा रहा है।

# ट्रंप के सबसे छोटे बेटे का रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में प्रतिनिधि बनने से इनकार, जानें क्यों किया फैसला?



**वाशिंगटनः** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे छोटे बेटे बैरन ट्रंप ने रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में प्रतिनिधि के रूप में काम करने से इनकार कर दिया है. सीएनएन ने एक वरिष्ठ अभियान सलाहकार और मेलानिया ट्रंप के कार्यालय के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी.

पूर्व फर्स्ट लेडी ऑफिस ने अपने बयान में कहा कि फ्लोरिडा रिपब्लिकन पार्टी की ओर से एक प्रतिनिधि के रूप में चुने जाने पर बैरन सम्मानित महसूस कर रहे हैं, लेकिन अफसोस के साथ उन्होंने पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण प्रतिनिधि बनने से इनकार कर दिया है.

**ट्रंप परिवार के सदस्यों को पहले भी चुना गया था प्रतिनिधि**

18 साल के बैरन ट्रंप को फ्लोरिडा ॠडढ ने जुलाई में होने वाले एक सम्मेलन में बड़े प्रतिनिधि के रूप में काम करने के लिए चुना था. इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रंप जूनियर, एरिक ट्रंप और टिफनी ट्रंप सहित ट्रंप परिवार के कई अन्य सदस्यों को भी प्रतिनिधियों के रूप में चुना गया था.

**बेटे को लेकर क्या बोले ट्रंप?**

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह संभवत जुलाई में आरएनसी सम्मेलन के आसपास अपने कंवेनशन की घोषणा करेंगे. इससे पहले शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति ने अपने रिश्ते के बारे में बात की थी और कहा उनके सबसे छोटे बेटे ने प्रतिनिधि के रूप में अपनी भूमिका के बारे में उन्हें नहीं बताया.

**ट्रंप ने बेटे की सरहाना की**

उन्होंने एक रेडियो को दिए इंटरव्यू में बैरन ट्रंप की प्रशंसा की और कहा कि उनका 18 साल का बेटा कभी-कभी उन्हें राजनीतिक सलाह देता है. वह एक अच्छा व्यक्ति हैं. वह थोड़ा लंबा है और काफी गुड लुकिंग भी है. वह वास्तव में एक बढ़िया स्टूडेंट रहा है और उसे राजनीति पसंद है. यह अजीब है, वह कभी-कभी मुझसे कहते है कि डैड आपको यह कर चाहिए.

उन्होंने कहा कि वह अब कॉलेज जाएगा और आप जानके हैं कि आज कॉलेज में क्या हो रहा है. बाइडेन ने देश से नियंत्रण पूरी तरह से खो दिया है. द हिल के अनुसार बैरन ट्रंप जब 10 साल के थे तब 2016 में उनके पिता व्हाइट हाउस के लिए चुने गए थे.

# गले में बेल्ट फंसाकर खींचा, दो कारों के बीच घसीटा....सरेराह महिला का यौन उत्पीड़न, वीडियो वायरल

ये वीडियो न्यूयॉर्क का बताया जा रहा है। अमेरिका के एक राजनीतिज्ञ कोलिन रग ने ये वीडियो शेयर किया और कहा कि जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने कहा कि इस वीडियो को बहुत कम जानकारी के साथ ऑनलाइन पोस्ट किया गया था, सिवाय इसके कि ये घटना न्यूयॉर्क में हुई न्यूयॉर्क में लगातार महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं। उदाहरण के लिए एक घटना बीती 9 मई की शाम को ही हुई थी। एक 17 साल की लड़की को क्वीन्स सबवे स्टेशन के पास गला काटकर मार दिया गया। घायल बच्ची को जब अस्पताल ले जाया गया तो उसे वहां मृत घोषित कर दिया गया। वारदात के पहले महिला की रेकी की थी न्यूयॉर्क पुलिस का कहना है कि ये घटना 5 मई की है। महिला और आरोपी एक दूसरे को जानते थे और आरोपी ने वारदात को अंजाम देने से पहले महिला के आने-जाने की रेकी की थी। ये महिला जब ईस्ट 152वीं स्ट्रीट और थर्ड एवेन्यू में फुटपाथ पर चल रही थी तब अपराधी ने इस वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के बाद वो आरोपी मेलरोज एवेन्यू की तरफ भाग गया।

# नेपाल : राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट का भी विरोध करेगा विपक्ष

**काठमांडू।** प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस बजट सत्र के दौरान होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट को पेश करने के दौरान अवरोध उत्पन्न करेगा। उसने सदन में सरकार के खिलाफ और अधिक सख्त लहजे में विरोध जताने का संकेत दिया है। शनिवार को नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के निवास पर पार्टी के पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों और शीर्ष नेताओं की अनौपचारिक बैठक में सदन में सरकार के खिलाफ कड़ा प्रतिवाद करने की रणनीति बनाई गई है। इस बैठक के बाद पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने बताया कि सरकार के रवैये से यह स्पष्ट है कि वो ना तो गृहमंत्री का इस्तीफा मांग सकती है और ना ही सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति का ही गठन करने को लेकर गम्भीर है। थापा ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की मांग को गम्भीरता से नहीं ले रही है, जिसके कारण से हम सदन में और अधिक सख्त रुख अपनाएंगे। इस बैठक में शामिल पार्टी संसदीय दल के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि मंगलवार को होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण और उसके दो दिन बाद आने वाले बजट का भी विरोध करने की रणनीति बन रही है। बैठक के दौरान अपना विचार रखने वाले अधिकांश नेताओं ने राष्ट्रपति द्वारा किए जाने वाले अभिभाषण में अवरोध करने की बात कही है। इन नेताओं का कहना है कि प्रमाण सहित जांच समिति में गृहमंत्री रवि लामिछाने की संलग्नता की पुष्टि होने के बाद भी प्रधानमंत्री द्वारा संसदीय जांच समिति से इनकार करना सरकार के अहंकारपूर्ण शैली को दशार्ता है। प्रमुख सचेतक लेखक ने बताया कि सोमवार को होने वाली संसदीय दल की बैठक में विरोध के स्वरूप पर निर्णय लिया जाएगा।

# अमेरिका में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने एमआईटी परिसर से हटाया गया

**बोस्टन।** अमेरिका में शुक्रवार तड़के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में फलस्तीन समर्थक तंबू को पुलिस ने हटा दिया और फिलाडेल्फिया में पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय के परिसर से प्रदर्शनकारियों को बाहर कर दिया। पुलिस ने इस कार्रवाई से कुछ ही घंटे पहले एरीजोना विश्वविद्यालय में एक तंबू को हटा दिया और प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े। एमआईटी परिसर में पुलिस सुबह चार बजे पहुंची और प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए 15 मिनट का समय दिया। विश्वविद्यालय की अध्यक्ष ने कहा कि वहां से नहीं जाने वाले 10 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, परिसर के बाहर एकत्र हुई भीड़ ने नारेबाजी की लेकिन उसे सुबह छह बजे तक तितर-बितर कर दिया गया। टक्सन में, एरीजोना विश्वविद्यालय कैम्पस पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बृहस्पतिवार रात आंसू गैस के गोले छोड़े। फिलाडेल्फिया में शुक्रवार तड़के, पुलिस ने पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय परिसर में दो हफ्ते से अधिक समय से डेरा डाले लोगों को हिरासत में ले लिया। करीब तीन हफ्ते पहले न्यूयॉर्क शहर के कोलंबिया विश्वविद्यालय में विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ था। तब से यह देशभर में कॉलेज परिसरों में फैल गया। फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने को लेकर 2,500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एमआईटी अध्यक्ष सैली कोर्नब्लथ ने शुक्रवार की गिरफ्तारियों पर एक पत्र में लिखा कि उनकी यह जिम्मेदारी है कि परिसर सुरक्षित रहे और हर कोई अपने विचार प्रकट करने के लिए स्वतंत्र महसूस करे।

# मालदीव के राष्ट्रपति प्रवक्ता ने कहा, भारत ने अपने सभी सैनिक वापस बुलाए

**माले।** मालदीव की सरकार ने कहा है कि भारत ने मालदीव से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने मालदीव से सभी भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने के लिए 10 मई की समयसीमा निर्धारित की थी। चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू के 10 मई तक देश में तीन सैन्य मंचों का संचालन करने वाले भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर देने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ गया था। पिछले साल मोइज्जू के चुनाव प्रचार अभियान में मालदीव में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की स्वदेश वापसी प्रमुख बात थी। भारतीय सैन्यकर्मियों का पहला जत्था मार्च की शुरूआत में मालदीव से वापस बुला लिया गया था, इसके बाद अप्रैल में दूसरा जत्था रवाना हुआ, जिसमें कुल 51 सैनिक थे। मीडिया के अनुसार मालदीव से सभी भारतीय सैन्यकर्मी वापस चले गए हैं लेकिन सैनिकों की अंतिम संख्या की जानकारी नहीं दी गई है। राष्ट्रपति कार्यालय की मुख्य प्रवक्ता हिना वलीद ने बताया कि मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों के अंतिम जत्थे को वापस भेज दिया गया है। भारतीय सैन्यकर्मी भारत की ओर से उपहार में दिए गए दो हेलीकॉप्टरों और डोर्नियर विमानों के संचालन तथा रखरखाव के लिए मालदीव में तैनात थे। इससे पहले सोमवार को मालदीव सरकार ने घोषणा की थी कि 51 सैनिकों को दो जत्थों में भारत वापस भेज दिया गया। सरकार ने आधिकारिक दस्तावेज के हवाले से मालदीव में 89 भारतीय सैनिकों की मौजूदगी की जानकारी दी थी। भारत-मालदीव उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की चार दौर की बैठकों के बाद भारत और मालदीव 10 मई से पहले शेष भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने पर सहमत हुए थे। आखिरी बैठक नयी दिल्ली में तीन मई को हुई थी।